REGIONAL REVIEW AND PLANNING WORKSHOP

for

School Leadership Academies

Date 29-12-2025 to 31-12-2025

Hotel Ashoka lakeview Bhopal (M.P.)

Report



Organized By

State Institute of Educational Management and Training & School Leadership Academy

Bhopal, Madhya Pradesh

In Collaboration With NCSL- NIEPA, New Delhi

Gratitude Letter

A Regional Review and Workshop Planning Programme was conducted by the National Institute of Educational Planning and Administration (NIEPA) – National Centre for School Leadership (NCSL) from 29th to 31st December through SIEMAT / School Leadership Academy (SLA), Bhopal, Madhya Pradesh. The programme was attended by representatives from the states of Haryana, Rajasthan, Bihar, Uttar Pradesh, and Madhya Pradesh.

The organizing institution places on record its sincere appreciation to NIEPA–NCSL for granting the opportunity to organize this programme. The institution further acknowledges, with deep gratitude, the invaluable guidance and leadership provided by Dr. Charu Smita Malik, Assistant Professor; Dr. Tripti Singh, Assistant Professor; Dr. Yogesh Pahadiya, Assistant Professor; and Dr. Pankaj Singh, Assistant Professor, whose expertise and direction significantly contributed to the successful organization and meaningful outcomes of the workshop.

The organizers also express their sincere thanks to the esteemed delegates and subject experts from the participating states, whose thoughtful deliberations and constructive suggestions greatly enhanced the academic value and effectiveness of the workshop.

Gratitude is also extended to the Madhya Pradesh School Leadership Academy, the members of the Madhya Pradesh State Core Group, panelists, and the officers and staff of SIEMAT, whose sustained cooperation, coordination, and institutional support ensured the successful achievement of the programme objectives.

The workshop deliberations were centered on "Seven Strong Claims about Successful School Leadership – Revisited." Experts from the participating states presented the anticipated outcomes associated with these claims and outlined strategic approaches for their effective realization.

It is envisaged that the strategies and insights emerging from the workshop will be effectively utilized in the future for the enhancement of school leadership capacities and the improvement of educational quality.

The organizing institution once again records its profound appreciation to all individuals and institutions associated with this programme for their collective and commendable efforts and looks forward to continued collaboration in similar academic and professional initiatives. The institution reiterates its sincere gratitude to the NIEPA–NCSL team for their continued support and guidance.

Pramod Singh
Director,
SIEMAT/SLA
Deputy Secretary
School Education Department, M.P.

Regional Review and Planning Workshop For school Leadership Academies 29-31 December 2025 Venue: Hotel Ashoka Lake View, Bhopal, Madhya Pradesh		
Day 1: 29th December 2025, Monday		
09.30-10.00 hrs	**Registration**	
10.00-11.15 hrs	**Inaugural Session** Welcome Remarks and Introduction Inaugural Presentation on ***A Synergistic Relationship between NCSL and School Leadership Academies***- Dr Yogesh Pahariya, Assistant Professor, NCSL-NIEPA Address by Honourable Secretary/State Project Director, Department of Education & Director, SIEMAT, Madhya Pradesh Chairpersons Remarks Vote of Thanks- Shri Usman Khan, SLA Nodal Officer, Madhya Pradesh	
11.15 -11.30 hrs	**Tea/Coffee**	
11.30-13.00 hrs	**Session Name**	**Facilitators**
	Panel Discussion One- National Centre for School Leadership **Leadership for Mental Wellbeing of School Stakeholders** Dr Tripti Singh, Assistant Professor, NCSL- NIEPA **Civic Leadership: Empowering Change Agents for a Democratic Future** Dr Yogesh Pahariya, Assistant Professor, NCSL- NIEPA **Continuous professional Development for achieving the Goals of Viksit Bharat@2047** Dr Pankaj Singh, Assistant Professor, NCSL- NIEPA	
13.00-14.00 hrs	**Lunch**	
14.00-15.30 hrs	**Panel Discussion Two** Experts from Madhya Pradesh	
15.30-15.45 hrs	**Tea/Coffee**	

15.45-17.30 hrs	**Panel Discussion Two (contd)…** Experts from Madhya Pradesh		
17.30-18.00 hrs	**Debrief of the Day**		
Day 2: 30th December 2025, Tuesday			
Time	**Session Name**	**Facilitators**	**Expected Outcomes**
09.30-10.45 hrs	Seven Claims on School Leadership – Revisiting and Internalization	Dr Charu Malik, Assistant Professor, NCSL-NIEPA	Strengthening Understanding on School Leadership Development
10.45-11.00 hrs	**Tea/Coffee**		
11.00-13.00 hrs	**Panel Discussion Two** **Experts from Madhya Pradesh**		
13.00-14.00 hrs	**Lunch**		
14.00-15.30 hrs	Seven Claims on School Leadership-Contextualizing with the field and presentations	Dr Charu Malik, Assistant Professor, NCSL-NIEPA Dr Yogesh Pahariya Assistant Professor, NCSL-NIEPA	Applying the learnings for Field implementation
15.30-15.45 hrs	**Tea/Coffee**		
15.45-17.30 hrs	Review the Progress of School Leadership Academies on Implementation of School Leadership Development 1. Madhya Andhra 2. Uttar Pradesh 3. Haryana 4. Rajasthan	Dr Charu Malik, Assistant Professor, NCSL-NIEPA Dr Yogesh Pahariya, Assistant Professor, NCSL-NIEPA Dr Tripti Singh, Assistant Professor, NCSL-NIEPA	Conduct of Review and Mapping of Progress of School Leadership Academies

	5. Bihar	Dr Pankaj Singh, Assistant Professor, NCSL-NIEPA	
17.30-18.00 hrs	**Debrief of the Day**		
Day 3: 31st December 2025, Wednesday			
Time	**Session Name**	**Facilitators**	**Expected Outcomes**
09.30-11.15 hrs	Hands-on Exercise on Perspective Planning for School Leadership Development for the next Five Years	Dr Charu Malik, Assistant Professor, NCSL-NIEPA Dr Tripti Singh, Assistant Professor, NCSL-NIEPA	State-wise Brainstorming on the format developed by NCSL- NIEPA
11.15-11.30 hrs	**Tea/Coffee**		
11.30-13.00 hrs	Presentation of School Leadership Academy Perspective Plans and Implementation Strategies 1. Madhya Andhra 2. Uttar Pradesh 3. Haryana 4. Rajasthan 5. Bihar	Dr Pankaj Singh, Assistant Professor, NCSL-NIEPA Dr Charu Malik, Assistant Professor, NCSL-NIEPA	Presentation and discussion on the School Leadership Academy Perspective Plans and Implementation Strategies from 2025-2030
13.00-14.00 hrs	**Lunch**		
14.00-15.15 hrs	Presentation of School Leadership Academy Perspective Plans and Implementation Strategies 1. Madhya Andhra 2. Uttar Pradesh 3. Haryana 4. Rajasthan 5. Bihar	Dr Yogesh Pahariya, Assistant Professor, NCSL-NIEPA Dr Charu Malik, Assistant Professor, NCSL-NIEPA	Presentation and discussion on the School Leadership Academy Perspective Plans and Implementation Strategies from 2025-2030
15.15-15.30 hrs	**Tea/Coffee**		
15.30-16.00 hrs	**Valedictory Session** **Highlights of Regional Review and Planning Workshop with School Leadership Academies** **Valedictory Address** **Certificate Distribution**		

	Vote of Thanks

क्षेत्रीय समीक्षा और योजना कार्यशाला के पेनलिस्ट की सूची

S. NO.	Name	Department	Designation
1.	Mr. Prakash Deo		Retired Educational Specialist
2.	Mr. Ashwini Tripati	UNICEF	State Education Advisor
3.	Mr. K.K. Parashar		Retired Retired Principal DIET
4.	Mr. Sudhakar Paarashar	Excellence School Bhopal	Principal
5.	Mr. Sanjay Nimbhorkar	PM Shri (efa) Ghss. girls Surajkund Khandwa	Principal
6.	Mrs. Sheetal Sharma	Saya Welfare Society	Director
7.	Mr. Sajjad ahamad Qureshi	Govt. M.L.B H.S.S. Shajapur	Lecturer

क्षेत्रीय समीक्षा और योजना कार्यशाला हेतु SLA कोरग्रुप सदस्यों की सूची

S. NO.	Name	Department	Designation
1.	Mr. Usman Khan	SIEMAT Bhopal	Nodal Officer (SLA)
2.	Mr. Kamal Kishor Warwade	SIEMAT Bhopal	Assistant Director
3.	Mrs. Seema Mahajan	SIEMAT Bhopal	Assistant Director
4.	Mrs. Neelu Sharma	SIEMAT Bhopal	Faculty
5.	Mr. B.L. Malviya	SIEMAT Bhopal	Planning Officer
6.	Mrs. Suchi Jha	SIEMAT Bhopal	Assistant Nodal Officer
7.	Mrs. Preeti Soni	SIEMAT Bhopal	Faculty
8.	Mrs. Sangeeta Sharma	SIEMAT Bhopal	Faculty
9.	Mr. Santosh kumar Dhanware	Sehore	HM
10.	Mr. Rajendra Asati	DIET Katni	Lecturer
11.	Mr. Taj Faraj Khan	G.M.S. Shahid Nagar Bhopal	SRG
12.	Mr. Sajjad Ahmad Qureshi	Govt. M.L.B G.H.S.S Shajapur	SRG
13.	Mr. Rakesh Devang	ZSK Bhopal	BAC
14.	Mr. Saurabh kumar Sharma	Modal Govt. School Birsa Balaghat	SRG
15.	Mrs. Onkush Verma	G.H.S.S Nishatpura Bhopal	Lecturer
16.	Mr. Manmohan Vishwakarma	Govt Secondary School, Gehunkhedi, Narsinghgarh, Rajgarh (M.P.)	Head Master
17.	Mr. Buddh Sagar Singh	Govt. M.S. Kundeshwar Tikamgarh	HM

18.	Mr. Chandresh Kumar Shrivastav	Govt H ss –seu, Vikas khand- Nateran Dist-vidisha	UMS Physics
19.	Mr. Prabhu dayal Sirvaiya	PM Shri Govt Girls H.Seconday Sanwer Indore	Principal
20.	Mr. Ashwini Tripathi	Unicef Bhopal	State Education Consultant
21.	Mrs. Sheetal Sharma	Saya Welfare Society Bhopal	Director

कार्यशाला में उपस्थित विशेषज्ञों की सूची

क्र	राज्य का नाम	क्र	विशेषज्ञ का नाम	पद
1	दिल्ली	1	श्रीमती चारू स्मिता मालिक	असिस्टेंट प्रोफेसर, NCSL-NIEPA
		2	श्रीमती तृप्ति सिंह	असिस्टेंट प्रोफेसर, NCSL-NIEPA
		3	श्री योगेश पाहाड़िया	असिस्टेंट प्रोफेसर, NCSL-NIEPA
		4	श्री पंकज सिंह	असिस्टेंट प्रोफेसर, NCSL-NIEPA
2	उत्तरप्रदेश	1	श्री प्रभात मिश्र	सहायक उप शिक्षा निदेशक, SCERT
3	हरियाणा	1	श्रीमती सुशीला धनकर	Sr. SPECIALIST, SCERT
		2	श्रीमती निर्मल गुलिया	व्याख्याता, डाईट
4	राजस्थान	1	श्री ओम प्रकाश विजय	विभाग अध्यक्ष, सीमेट, राजस्थान
		2	श्रीमती रचना शर्मा	एसोसिएट प्रोफेसर, जयपुर
		3	श्रीमती उमा गौतम	एसोसिएट प्रोफेसर, जयपुर
5	बिहार	1	श्रीमती विभा राय	नोडल बिहार स्कूल लीडरशिप अकेडमी
		2	श्रीमती ऋचा प्रकाश	बिहार स्कूल लीडरशिप अकेडमी
6	मध्यप्रदेश	1	श्री डी.एस. कुशवाहा	संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय
		2	श्री प्रकाश देव	सेवानिवृत्त शिक्षा विशेषज्ञ
		3	श्री उसमान खान	नोडल अधिकारी (एसएलए)
		4	डॉ. महेश जैन	उप संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय
		5	श्री शेखर सराठे	प्रोग्रामर एवं प्रशिक्षण आफीसर, राज्य शिक्षा केन्द्र
		6	श्री कमल किशोर वरवड़े	सहायक संचालक, सीमेट
		7	श्रीमती सीमा महाजन	सहायक संचालक, सीमेट
		8	श्रीमती नीलू शर्मा	फैक्लटी, सीमेट
		9	श्री बी.एल. मालवीय	योजना अधिकारी, सीमेट
		10	श्रीमती सुचि झा	सहायक नोडल अधिकारी, सीमेट
		11	श्रीमती प्रीति सोनी	फैक्लटी, सीमेट
		12	श्रीमती संगीता शर्मा	फैक्लटी, सीमेट

		13	श्री संतोष कुमार धनवारे	माध्यमिक शिक्षक, रायसेन
		14	श्री राजेंद्र असाटी	व्याख्याता, डाईट, कटनी
		15	श्री ताज फराज खान	एसआरजी, शासकीय माध्यमिक स्कूल शहीद नगर भोपाल
		16	श्री सज्जाद अहमद कुरैशी	एसआरजी, शासकीय एम.एल.बी. हा.से.स्कूल शाजापुर
		17	श्री राकेश देवांग	जेड.एस.के. भोपाल
		18	श्री सौरभ कुमार शर्मा	प्रभारी प्राचार्य, माडल शा.स्कूल बिरसा बालाघाट
		19	श्रीमती ओन्कुश वर्मा	व्याख्याता, शासकीय हा.से.स्कूल निशातपुरा भोपाल
		20	श्री मनमोहन विश्वकर्मा	प्रधानाध्यापक, शा.हा.स्कूल गेहूखेडी, राजगढ़
		21	श्री बुद्ध सागर सिंह	प्रधानाध्यापक, शासकीय माध्यमिक स्कूल कुण्डेश्वर, टीकमगढ़
		22	श्री चन्द्रेश कुमार श्रीवास्तव	यूएमएस भौतिकी, प्रिंसिपल शासकीय हा.से.स्कूल नटेरन विदिशा
		23	श्री प्रभु दयाल सिरवैया	प्रिंसिपल, शासकीय कन्या हा.से.स्कूल साँवेर इन्दौर
		24	श्री अश्विनी त्रिपाठी	राज्य शिक्षा सलाहकार, यूनिसेफ
		25	श्रीमती शीतल शर्मा	फ्रिलांसर, भोपाल
		26	श्री के.के. पाराशर	सेवानिवृत्त प्रिंसिपल, डाइट खण्डवा
		27	श्री सुधाकर पाराशर	प्रिंसिपल, शासकीय उत्कृष्ट हा.से.स्कूल भोपाल
		28	श्री संजय निंबोरकर	प्रिंसिपल, पी.एम.श्री शासकीय कन्या हा.से.स्कूल, सूरजकुण्ड खण्डवा
		29	श्री रिकू गौड़	प्रोजेक्ट मैनेजर, पीरामल फाउन्डेशन भोपाल
		30	श्रीमती स्वाति सिंह	SPM, पीरामल फाउन्डेशन भोपाल
		31	श्रीमती अमृता सिंह	Project Advisor, पीपल भोपाल
		32	श्रीमती बिन्सी जॉर्ज	फ्रीलांसर ट्रेनर, डायरेक्टर CDRM
		33	श्री योगेन्द्र नाथ	माध्यमिक शिक्षक, मंडीदीप रायसेन

कार्यशाला में प्रस्तुतीकरण हेतु विशेषज्ञों को आवंटित विषय

Name	Topic Name
Mr. Ashwini Tripathi	Drop Out
Mr. Sudhakar Parashar	Qualitative Education
Mr. K.K. Parashar	NEP-2020
Mr. Sanjay Nimbhorkar	Vocational Education
Mr. Prakash Deo	E- Governance for School Leadership
Mr. Sajjad ahamad Quareshi	Communities
Mr. Rajendra Asati	Library
Mrs. Sheetal Sharma	Leadership
Mr. Sanjay Nimbhorkar	Vocational Education

National Centre for School Leadership, National Institute of Educational Planning and Administration, New Delhi

State Institute of Educational Management and Training, School Leadership Academy, Madhya Pradesh

Certificate

This is to certify that **Mr./Ms./Mrs./……..**, participated in the **Regional Review and Planning Workshop on School Leadership Development for School Leadership Academies** organized by National Centre for School Leadership, National Institute of Educational Planning and Administration, New Delhi in collaboration with SIEMAT (SLA) Bhopal, Madhya Pradesh during December 29-31, 2025 for the F.Y. 2025-2026.

(Usman Khan)
Nodal Officer, SLA
Madhya Pradesh

December 31, 2025
Bhopal, Madhya Pradesh

(Pramod Kumar Singh)
Director, SIEMAT(SLA)
Madhya Pradesh

REGIONAL REVIEW AND PLANNING WORKSHOP

on

School Leadership Development for School Leadership Academies

State Institute of Educational Management and Training (SIEMAT)
& School Leadership Academy
Bhopal, Madhya Pradesh


शिक्षा मंत्रालय
MINISTRY OF
EDUCATION
NCSL
Every Child Learns
Every School Excels
Regional Review and Planning Workshop
on
School Leadership Development for School Leadership Academies
organized by
National Centre for School Leadership
National Institute of Educational Planning and Administration
in Collaboration with SIEMAT (School Leadership Academy), Bhopal, Madhya Pradesh
December 29-31, 2025

Regional Review and Planning Workshop
on
School Leadership Development
for School Leadership Academies

WELCOME
TO
CITY OF LAKES

Organised by- State Institute of Educational Management and Training SIEMAT (SLA) Bhopal M.P.

भूमिका

वर्तमान समय में विद्यालय केवल ज्ञान का केन्द्र नहीं बल्कि नेतृत्व, संवेदनशीलता, नवाचार और मूल्यों का केन्द्र बन चुके है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 हमें यह स्पष्ट संदेश देती है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आधारशिला सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व पर ही टिकी होती है। विद्यालय प्रमुख नेतृत्वकर्ता के साथ-साथ एक प्रबंधक भी होता है। अत: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता में उन्नयन हेतु सुदृढ़ संवेदनशील एवं उत्तरदायी नेतृत्व की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

विद्यालयों का विकास एवं उनके उन्नयन में गुणात्मक वृद्धि करने हेतु विद्यालय प्रमुखों के नेतृत्व एवं प्रबंधन की क्षमतावर्धन को परिष्कृत करने की आवश्यकता है, ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों की प्राप्ति हो सके एवं विद्यार्थी गुणवत्तायुक्त शिक्षा एवं कौशल प्राप्त कर सके।

सशक्त नेतृत्व किसी भी स्कूल की सफलता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु NIEPA - NCSL द्वारा समय-समय पर क्षेत्रिय समीक्षा एवं योजना कार्यशाला का विभिन्न राज्यों में आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में प्रभावी नेतृत्व यात्रा को सफल बनाने के लिये सीमेट, स्कूल लीडरशिप अकेडमी भोपाल मध्यप्रदेश में दिनांक 29.12.2025 से 31.12.2025 तक क्षेत्रिय समीक्षा एवं योजना कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रथम दिवस प्रातः 09.30 बजे श्री प्रमोद सिंह, उप-सचिव स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन, संचालक राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान, संचालक सांदीपनि विद्यालय प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश, श्री डी.एस. कुशवाह संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय एवं NIEPA, NCSL की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तृप्ति सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।





दीप प्रज्वलन कार्यक्रम

स्वागत की श्रंखला में वर्कशॉप में आये मुख्य अतिथि एवं NIEPA, NCSL से आये हुये अतिथिगणों का पुष्पगुच्छ से सीमेट/SLA मध्यप्रदेश द्वारा स्वागत किया गया।









अतिथिगणों का स्वागत

वर्कशॉप में उपस्थित राज्यों के सभी अतिथिगणों, मध्यप्रदेश के पैनलिस्ट, मध्यप्रदेश कोरग्रुप के सदस्यों, सीमेट/SLA मध्यप्रदेश के सदस्यों द्वारा अपना परिचय दिया गया।



अथितिगण परिचय देते हुये



मध्यप्रदेश सीमेट के सदस्य परिचय देते हुये

1. सर्वप्रथम NIEPA, NCSL की डॉ. तृप्ति सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर ने अपने उद्बोधन द्वारा कार्यशाला के विषय में विस्तृत रूप से बताया कि यह कार्यशाला विभिन्न राज्यों के बीच स्कूल लीडरशिप अकेडमी से संबंधित ज्ञान और प्रक्रियाओं के आदान-प्रदान के लिए एक मजबूत नेटवर्क बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है।



डॉ. तृप्ति सिंह संबोधित करते हुये

2. श्री प्रमोद सिंह संचालक, सीमेट, सांदीपनि प्रकोष्ठ एवं उप-सचिव शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा अपने संबोधन में बताया कि कार्यशाला में हरियाणा, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान मध्यप्रदेश सहित पांच राज्यों के स्कूल लीडरशिप अकेडमी के नोडल अधिकारी, समग्र शिक्षा के सदस्य, राज्य कोरग्रुप के सदस्य, विभिन्न राज्यों के SCERT के प्रोजेक्ट अधिकारी एवं सदस्यगण कार्यशाला में आमंत्रित किए गए हैं, तथा उन्होंने बताया कि Regional Review and Planning Workshop में हमें समीक्षा करनी है कि अभी तक हमने क्या किया, आगे हमें क्या करना है, कैसे करना है, हमें अपने लक्ष्य तय करने होंगे और उन्हें प्राप्त करने के लिये सार्थक प्रयास करने होंगे। हमारे सारे प्रयास सशक्त नेतृत्व द्वारा शिक्षा की गुणवता के लिये होंगे। एक अच्छा नेतृत्वकर्ता वह है जो सोचता है, समझता है, प्रेरित करता है, उदाहरण बनकर नेतृत्व करता है। इस कार्यशाला का यही उद्देश्य है।



श्री प्रमोद सिंह संचालक, सीमेट संबोधित करते हुये

3. श्री डी.एस कुशवाह संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा कार्यशाला को संबोधित किया गया। OLQ (ऑफीसर लाइक क्वालिटी) के बारे में बताया गया, तथा स्कूल की शैक्षिक गुणवत्ता की जिम्मेदारी, सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन एवं लक्ष्य प्राप्ति के परिणामों का उत्तर दायित्व नेतृत्वकर्ता का होना चाहिये। हर स्तर के नेतृत्वकर्ता को अपने दायित्वों का स्वयं संज्ञान लेना चाहिये। प्लानिंग से मुख्य आशय को समझाया गया एवं समग्र शिक्षा 3.0 के बारे में चर्चा की गयी।



श्री डी.एस.कुशवाह

4. NIEPA, NCSL के डॉ. पंकज सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा NIEPA, NCSL से आये अतिथि गणों का परिचय दिया गया और स्कूल आधारित योजना को अधिगम आधारित योजना के रूप में अपनाने की बात कही साथ ही Conflict management के बारे में चर्चा की गई।


डॉ. पंकज सिंह

5. बिहार से स्कूल लीडरशिप अकेडमी की नोडल विभा राय और ऋचा प्रकाश, NIEPA, NCSL से डॉ. सादमा और डॉ. निवेदिता ऑनलाइन के माध्यम से सम्मिलित हुए।

6. NIEPA, NCSL से डॉ. योगेश पहाडिया असिस्टेंट प्रोफेसर ने अपने उद्‌बोधन में बताया की NIEPA, NCSL एवं उनके अंतर्गत समस्त SLA's में Synergistic relationship है। विद्‌यालय नेतृत्व केन्द्र की प्रगति के लिये सभी को साथ मिलकर कार्य करना है ताकि सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सके। आमंत्रित अतिथि राज्यों में सर्वप्रथम हरियाणा के RRPW 2024-25 का एजेंडा एवं फीडबैक की जानकारी दी। उन्होंने बताया हरियाणा द्‌वारा DCSL (District Centre of School Leadership) भी बनाये गये है। लाईव स्ट्रीमिंग के लिये स्टूडियो भी बनाये गये है। उत्तरप्रदेश स्कूल लीडरशिप अकेडमी के नेतृत्व की कुछ अहम व्यक्तिगत विशेषताएं जिनका सकारात्मक प्रभाव विद्‌यालय प्रक्रियाओं पर पड़ता है के विषय में बताया गया। तत्पश्चात् स्कूल लीडरशिप अकेडमी राजस्थान का फीडबैक दिया जिसमें ऑनलाईन प्रशिक्षण, वेबिनार के महत्व को बताया साथ ही Primary Elementary Education Officer के दायित्वों के संदर्भ में चर्चा की।



डॉ. योगेश पहाडिया



7. श्री उसमान खान सलाहकार सीमेट, नोडल अधिकारी स्कूल लीडरशिप अकेडमी मध्यप्रदेश ने विद्‌यालय नेतृत्व, व्यवहार आधारित रणनीतियाँ एवं प्राप्त शैक्षिक परिणाम पर चर्चा की एवं 2015 से सीमेट के सफर के विषय में विस्तार से बताकर शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्‌धि के लिये CPD की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुये उन्होंने कहां बदलते शैक्षिक परिदृष्य में NEP 2020 की अपेक्षाओं को प्राप्त करने के लिये CPD की अवधारणा आवश्यक है। राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (एसएलए) मध्यप्रदेश का उद्‌देश्य विद्‌यालय नेतृत्व की दक्षताओं का निरंतर संवर्धन करना है। एसएलए के माध्यम से CPD को एक योजनाबद्‌ध, परिणामोन्मुख एवं व्यवहार आधारित प्रक्रिया के रूप में अपनाया गया है, जिससे नेतृत्व



श्री उसमान खान



क्षमता, अकादमिक मार्गदर्शन, निर्णय क्षमता तथा विद्यालय सुधार की दिशा में ठोस परिवर्तन सुनिश्चित हो सके। यह CPD आधारित पहल केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है बल्कि सीखने-सिखाने की संस्कृति को सुदृढ़ करने, सहयोगात्मक बढ़ावा देने तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण अधिगम वातावरण के निर्माण की दिशा में एक सार्थक प्रयास किया गया है।

8. प्रथम दिवस की कार्यशाला में पैनलिस्टि के प्रजेन्टेशन से पूर्व NIEPA, NCSL से आयी हुई डॉ. तृप्ति सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर Leadership and well being in the context of School Education पर अपना प्रजेन्टेशन दिया इसके अन्तर्गत उन्होंने स्कूल एजूकेशन के स्टेकहोल्डर्स जैसे पेरेन्टस, टीचर्स, स्टूडेन्टस, SMC, NGO एवं लोकलबॉडी इत्यादि की Mental well being कैसे ठीक की जाये के विषय में विस्तार से बताया। लीडरशिप को कैसे काम करना है, उनके क्या कार्य है एवं दो मुख्य कार्यों पर प्रकाश डाला। जिसमें पहला - Direction Providing (दिशा प्रदान करना), दूसरा - Influence (प्रभावित करना एवं साथ लेकर चलना) क्योंकि विद्यालय को केवल शैक्षणिक संस्था के रूप में ही नहीं बल्कि एक ऐसी संस्था के रूप में कार्य करना चाहिये। जो सभी Stakeholder की well being के लिये वातावरण निर्मित करें। विद्यालय का वातावरण नेतृत्व की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। एक प्रभावी नेतृत्वकर्ता विद्यालयों को सकारात्मक वातावरण देता है। जो सभी की well being के लिये आवश्यक है। यहां well being से आशय शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन, सामाजिक संतुलन एवं नैतिक विकास है। विद्यालय में प्रभावी शिक्षण, बेहतर सीखने की क्षमता, सुरक्षित वातावरण, स्वस्थ स्कूल संस्कृति के निर्माण हेतु well being आवश्यक है। NEP 2020 में भी well being को महत्व दिया गया है। विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिये भी यह आवश्यक है एवं प्रभावी नेतृत्व ही well being के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सशक्त विद्यालय निर्माण के साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में सफल हो सकता है।



डॉ. तृप्ति सिंह



मध्यप्रदेश राज्य के पैनलिस्ट





कार्यशाला मे उपस्थित अथितिगण

9. श्री प्रकाश देव Ex. State Education Coordinator टेक्नोलॉजी एंड डिस्टेंस एजुकेशन मध्यप्रदेश एनसीआरटी भोपाल, M.Sc,M.Ed डिप्लोमा एजुकेशन इन टेक्नोलॉजी (कनाडा) यूनेस्को, फेलो फ्रॉम डिस्टेंस एजुकेशन, इन्होंने चार किताबें लिखी है। दोपहर भोजन अवकाश पश्चात् श्री प्रकाश देव ने e-governance for School Leadership पर अपना प्रजेन्टेशन दिया जिसमें उन्होंने प्रौद्योगिकी के माध्यम से e- governance के Reforming की आवश्यकता बतायी। क्योंकि लीडरशिप को कई चुनौतियों का सामना करना है। जिसमें NEP 2020, NCF को Implement करना नई टेक्नोलॉजी का आना, जल्दी - जल्दी बदलना, ग्रामीण क्षेत्रों में टेक्निकल सपोर्ट का ना होना, टेक्नोफोबिया के कारण टेक्नोलॉजी का उपयोग ना हो पाना, परंपरागत शिक्षण विधियों का प्रभावी ना होना। समय की बाध्यता होना ये सभी लीडरशिप के लिये कठिन चुनौतियां है। अत: स्कूल लीडर्स को इन चुनौतियों का सामना करते हुये नई तकनीकें अपना कर मतभेद दूर करते हुये आपसी सहयोग एवं टीम भावना के साथ कार्य करना है।



श्री प्रकाश देव

10. श्री सुधाकर पाराशर शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उ.मा.विद्यालय भोपाल के प्राचार्य हैं। उन्हें 38 साल का कार्यानुभव है शिक्षा के अलावा उन्होंने 3 वर्ष बालिका शिक्षा, तीन वर्ष स्टेट लेवल मॉनिटरिंग और 3 वर्ष CWSN की शिक्षा के लिए कार्य किया। इनका स्कूल SUPER 100 स्कीम के लिए कार्य करता है जो मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत योजना है। जिसमें 50 बच्चे JEE के लिए 50 बच्चे NEET के लिए और 50 बच्चे CPT के



श्री सुधाकर पाराशर

लिए तैयारी करते हैं। सन् 2002 में स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा स्टेट लेवल टीचर अवार्ड और सन् 2021 में नवदुनिया ज्योतिर्मय सम्मान प्राप्त किया। उन्होंने अपने विषय SUPER 100 स्कीम पर चर्चा के दौरान होनहार छात्रों के हित में चलायी जा रही इस योजना के विषय में विस्तार से बताया एवं लीडरशिप को अभिभावक, छात्र, शिक्षक तीनों पर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही बताया कि छात्रों की अर्न्तनिहित प्रतिभा को विकसित करने के लिये प्रयासरत रहना है। उन्होंने विद्यालय में छात्रों की रूचि को पहचानकर उसके अनुसार कार्य देना, उन्हें उनके रूचि के क्षेत्र में आगे बढ़ाना, उनकी पारिवारिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये उनका समग्र विकास करना तथा लीडरशिप की जिम्मेदारी को रेखाकिंत किया है।



11. श्री संजय निंबोड़कर प्राचार्य पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल सूरजकुंड खंडवा M.Sc. Maths Phd 1998, सन् 2000 में असिस्टेंट डायरेक्टर स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंट में और सन् 2003 से 2009 तक डी.पी.सी रहे। सन् 2023 जनवरी में निमाड़ के पांच जिलों की सर्वश्रेष्ठ शाला चयन पर तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री वर्तमान में मुख्यमंत्री श्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा दैनिक भास्कर सम्मान दिया गया। सन् 2023 अक्टूबर में पीपल्स विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा नवाचारी प्राचार्य के रूप में सम्मानित किया गया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा मध्य प्रदेश की 799 पीएम श्री विद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ पीएम श्री विद्यालय के रूप में चयनित एवं 27.07.2025 नई शिक्षा नीति दिवस पर दिल्ली मैं भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में शाला की झलकियां दिखाई गई।



श्री संजय निंबोड़कर

श्री डी.एस. कुशवाह संचालक लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा उत्कृष्ट प्राचार्य के रूप में सम्मानित किया गया। नगर पालिका निगम खंडवा के महापौर खंडवा सांसद, खंडवा विधायक द्वारा 27.09.2025 को सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य के रूप में सम्मानित किया गया। इन्होंने अपना प्रेजेन्टेशन विषय व्यवसायिक शिक्षा - कौशल आधारित प्रशिक्षण पर दिया जिसमें बताया मध्यप्रदेश के 9306 विद्यालयों में से 3200 विद्यालयों में व्यवसायिक शिक्षा 2-3 ट्रेड प्रत्येक विद्यालय में चल रहे है। वर्तमान में कुल 17 ट्रेड व्यवसायिक शिक्षा के चल रहे है। यह ट्रेड 40 करने का हमारा प्रयास है एवं 11 ट्रेड की किताबें तैयार है अगले वर्ष 17 ट्रेड की किताबें लाना है। 582000 विद्यार्थी व्यवसायिक शिक्षा ले रहे है समग्र शिक्षा के अन्तर्गत 100000 विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य है। हमारा लक्ष्य लगभग 50 प्रतिशत छात्रों को व्यवसायिक शिक्षा में पारंगत करना है। अत: लीडरशिप की भूमिका यहां बढ़ जाती है। उन्हें व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के मार्ग में आने वाली चुनौतियों का सामना कर लक्ष्य प्राप्त करना है। तथा विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा में प्रवीण कर आत्मनिर्भर बनाना है।



12. श्री राजेंद्र कुमार असाटी वर्तमान में डाइट कटनी में भौतिक शास्त्र विषय में वरिष्ठ व्याख्याता के रूप में पदस्थ हैं। इसके पूर्व वह राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल में शाला सिद्धि कार्यक्रम एवं स्टीम एजुकेशन में कार्य कर चुके हैं। वह निरंतर सीखने सिखाने की प्रक्रियाओ में सहभागिता करते हैं तथा अपने अनुभवों को साझा करते रहते हैं। टाटा ट्रस्ट पराग से लाइब्रेरी एजुकेशन कोर्स करने के पश्चात पढ़ने की संस्कृति के विकास हेतु उन्होंने कटनी जिले में सभी प्राथमिक तथा माध्यमिक शालाओं/छात्रावासो में पुस्तकालय स्थापना का कार्य जिला प्रशासन के साथ मिलकर किया है। शिक्षा के साथ-साथ वह भारत निर्वाचन आयोग, राज्य आनंद संस्थान सहित विभिन्न शासकीय एवं गैर शासकीय संस्थाओं के साथ रिसोर्स पर्सन के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने लाइब्रेरी विषय पर प्रजेन्टेशन दिया एवं बताया कि सभी समस्याओं का समाधान पुस्तकों में मिलता है। हमें पुस्तकें पढ़ना चाहिये पुस्तकें पढ़ने से जीवन बदलता है। पढ़ने की संस्कृति का विकसित होती है। पुस्तकें पढ़ने के लिये



श्री राजेंद्र कुमार असाटी

विद्यार्थियों को प्रेरित करना चाहिये। पुस्तकों से ज्ञान का विकास होता है। अत: टीचिंग लर्निंग मेथेडोलॉजी के अन्तर्गत पुस्तकें पढ़ने की अनिवार्यता भी होनी चाहिये। पढ़ने की यात्रा के दौरान ज्ञात होता है कि कौन-कौन सी मूलभूत चुनौतियां आती है हर स्तर पर अलग-अलग प्रकार की चुनौतियां का सामना करना पड़ता है। जैसे शिक्षकों के बीच पढ़ाई लिखाई को लेकर बातचीत का कम होना, संदर्भ पुस्तकों एवं अन्य पुस्तकों को पढ़ने की इच्छा का अभाव, नया सीखने के लिये बहुत कम शिक्षकों का जागरूक होना, सिखाने वाले समूह का स्वयं अभ्यास में निपुण ना होना, अच्छा पाठक ना होना। इसके लिए समाधान में उन्होंने बताया कि समाधान की ओर हम कैसे जा सकते हैं हमें अपना स्वयं का अवलोकन करने की आवश्यकता है यदि हम अपना अवलोकन करते हैं तो फिर खुद को विकसित करके हम पढ़ने की संस्कृति का विकास अपने अंदर स्वयं करेंगे तो चुनौतियों से स्वयं पार पाने के बाद अंदर की प्रेरणा और उत्साह से हम आगे बढ़ सकते हैं। कटनी जिले में इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने शिक्षक और बच्चों के साथ आगे की यात्रा के बारे में जो की एक पढ़ने की यात्रा है में अन्य चुनौतियां भी आती है जैसे स्कूल में बच्चे किताबें पढ़ने में रुचि रखते हैं लेकिन वहां साधन संसाधन नहीं होते हैं और जहां रुचि नहीं रखते हैं वह संसाधन होते हैं किंतु उनका उपयोग नहीं होता है। इन चुनौतियों से हमें निपटना है और पुस्तकालय विकास करना है। बाल पुस्तकालय विकास की कहानी के माध्यम से उन्होंने पुस्तकालय विकसित करने के बारे में बताया।

13. श्री अश्विनी कुमार त्रिपाठी, जो वर्तमान में राज्य शिक्षा सलाहकार (State Education Consultant) UNICEF, भोपाल, मध्य प्रदेश के रूप में कार्यरत हैं। आपको शिक्षा के क्षेत्र में 19 से अधिक वर्षों का समृद्ध, बहुआयामी एवं प्रगतिशील अनुभव प्राप्त है। आपने शिक्षक क्षमता निर्माण, विद्यालय-आधारित अधिगम आकलन सुदृढ़ीकरण (School-based Learning Assessment Strengthening), पूर्व प्राथमिक शिक्षा (ECE), आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (FLN), जीवन कौशल शिक्षा (LSE), करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम, तथा विद्यालय नेतृत्व से संबंधित ज्ञान और प्रक्रियाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। आप लंबे समय से यूनिसेफ, राज्य शिक्षा केंद्र, राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (SIEMAT) तथा स्कूल लीडरशिप अकादमी, मध्य प्रदेश के साथ समन्वय करते हुए शिक्षा गुणवत्ता संवर्धन एवं प्रणाली सुदृढ़ीकरण के कार्यों में सक्रिय रूप से संलग्न रहे हैं। आपकी प्रमुख विशेषज्ञता में प्रशिक्षण डिजाइन, अकादमिक एवं प्रशिक्षण सामग्री विकास, बड़े स्तर के शैक्षिक आकलन, तथा फील्ड मॉनिटरिंग एवं विश्लेषण शामिल हैं। इसके



श्री अश्विनी कुमार त्रिपाठी



अतिरिक्त, आपने CARE India में प्रशिक्षण एसोसिएट के रूप में कार्य करते हुए उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा एवं गुजरात राज्यों में संचालित शिक्षा कार्यक्रमों हेतु प्रशिक्षण सपोर्ट एवं लर्निंग मटेरियल डेवलपमेंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आप सामाजिक कार्य और शिक्षा–दोनों क्षेत्रों में सुदृढ़ एवं प्रथम श्रेणी की शैक्षणिक योग्यता रखते हैं। वर्तमान सत्र में आपके द्वारा संभावित ड्रॉपआउट विद्यार्थियों हेतु 'अर्ली वार्निंग सिस्टम (Early Warning System)' विषय पर अपने व्यावहारिक अनुभव एवं महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि साझा की गई। अपने प्रजेन्टेशन में उन्होंने ड्रापआउट विद्यार्थी कौन-कौन से होते है। ऐसे कौन से कारण है जिनसे विद्यार्थी ड्रापआउट हो जाते है। साथ ही किस प्रकार विद्यालय नेतृत्व ड्रापआउट विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने का कार्य कर सकता है। ड्रापआउट के लिये शासन से कौन-कौन से आदेश हुये है यह बताते हुये राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अध्याय 3 में ड्रॉपआउट के विषय में क्या कहा गया है यह बताया है-

अध्याय 3. ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या कम करना और सभी स्तरों पर शिक्षा की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना

भाग।. स्कूल शिक्षा

प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षाः सीखने की नींव

बुनियादी साक्षरता एवं संख्या-ज्ञानः सीखने के लिए एक तात्कालिक आवश्यकता और पूर्वशर्त

ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या कम करना और सभी स्तरों पर शिक्षा की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

मानव संसाधन विकास

3.1 बच्चों का स्कूल में नामांकन हो और वें नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित हो।

3.ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या कम करना और सभी स्तरों पर शिक्षा की सार्वभौमिक पहुंच

3.1 स्कूली शिक्षा प्रणाली के प्राथमिक लक्ष्यों में हमें यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों का स्कूल में नामांकन हो और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजा जाए। सर्व शिक्षा अभियान (अब समग्र शिक्षा) और शिक्षा का अधिकार अधिनियम जैसी पहल के माध्यम से भारत ने हाल के वर्षों में प्राथमिक शिक्षा में लगभग सभी बच्चों का नामांकन प्राप्त करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। हालांकि, बाद के आंकड़े बच्चों के स्कूली व्यवस्था में ठहराव संबंधी कुछ गंभीर मुद्दों की ओर इशारा करते हैं। कक्षा छठी से आठवीं का जीईआर 90.9 प्रतिशत है, जबकि कक्षा, 9-10 और 11-12 के लिए यह क्रमशः केवल 79.3% और 56.5% है। यह आंकड़े यह दर्शातें हैं कि किस प्रकार से कक्षा 5 और विशेष रूप से कक्षा 8 के बाद नामांकित छात्रों का एक महत्वपूर्ण अनुपात शिक्षा प्रणाली से बाहर हो जाता है। वर्ष 2017-18 में एनएसएसओ के 75वें राउंड हाऊसहोल्ड सर्वे के अनुसार, 6 से 17 वर्ष के बीच की उम्र के विद्यालय न जाने वाले बच्चों की संख्या 3.22 करोड़ है। इन बच्चों को यथासंभव पुनः शिक्षा प्रणाली में शीघ्र वापस लाना देश की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही 2030 तक प्री स्कूल से माध्यमिक स्तर में 100% सकल नामांकन अनुपात

प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना होगा और भविष्य के छात्रों का ड्रॉपआउट दर भी कम करना होगा। पूर्व प्राथमिक से कक्षा 12 तक की शिक्षा - व्यावसायिक शिक्षा सहित देश के सभी बच्चों को सार्वभौमिक पहुंच और अवसर प्रदान करने के लिए एक ठोस राष्ट्रीय प्रयास किया जाएगा।

शिक्षा में निरंतर भागीदारी एवं कक्षा 8 के बाद नामांकन में तेज गिरावट,

3.2 कुल मिलाकर दो पहल की जाएँगी जिससे बच्चों का विद्यालय में वापसी और आगे के बच्चों को ड्रॉपआउट होने से रोका जा सके। पहला प्रभावी और पर्याप्त बुनियादी ढाँचा प्रदान करता है ताकि सभी छात्रों को इसके माध्यम से प्री-प्राइमरी स्कूल से कक्षा 12 तक सभी स्तरों पर सुरक्षित और आकर्षक स्कूली शिक्षा प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक स्तर पर नियमित प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध कराने के अलावा विशेष देखभाल की जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी स्कूल में अवस्थापना की कमी न हो। मौजूदा स्कूलों का उन्नयन और विस्तार करके, जहाँ स्कूल नहीं हैं वहाँ विशेषकर अतिरिक्त गुणवत्ता स्कूल और छात्रावासों को बनाकर सरकारी स्कूलों की विश्वसनीयता फिर से स्थापित की जाएगी ऐसा बालिका छात्रावासों तक सुरक्षित और व्यावहारिक पहुँच प्रदान करके किया जा सकता है ताकि सभी बच्चों को अच्छे स्कूल में जाने और समुचित स्तर तक पढ़ने का अवसर मिले। प्रवासी मज़दूरों के बच्चों और विविध परिस्थितियों में स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को मुख्यधारा शिक्षा में वापस लाने के लिए सिविल समाज के सहयोग से वैकल्पिक और नवीन शिक्षा केंद्र स्थापित किए जाएँगे।

मुख्य बिंदु-

3.2 कुल मिलाकर दो पहल की जाएँगी जिससे बच्चों का विद्यालय में वापसी और आगे के बच्चों को ड्रॉपआउट होने से रोका जा सके।

3.3 दूसरा यह है कि स्कूलों में सभी बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित हो, इसके लिए बहुत ध्यान से सभी विद्यार्थियों की ट्रैकिंग करनी होगी, साथ-साथ उनके सीखने के स्तर पर भी नज़र रखनी होगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे (क) स्कूल में दाखिला ले रहे हैं और उपस्थित हो रहे हैं (ख) ड्रॉपआउट बच्चों के लौटने और यदि वे पीछे रह गए हैं तो उन्हें पुनः मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। फाउंडेशनल स्टेज से लेकर कक्षा 12 तक की स्कूली शिक्षा के जरिये 18 वर्ष की आयु तक सभी बच्चों को समान गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षित शिक्षकों और कार्मिकों की भर्ती विद्यालय में की जाएगी जिससे शिक्षक हमेशा छात्रों और उसके अभिभावक के साथ कार्य कर सकें। इसके साथ यह भी सुनिश्चित किया जा सके कि सभी विद्यार्थी विद्यालय आ रहे हैं और सीख रहे हैं। राज्य और जिला स्तर पर दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तीकरण से जुड़े सिविल सोसायटी संगठन/सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभागों के प्रशिक्षित और योग्य सामाजिक कार्यकर्ता राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश सरकारों

द्वारा अपनाए गए विभिन्न नवीन तंत्रों के माध्यम से इस आवश्यक कार्य को करने में स्कूलों से जुड़े हो सकते हैं।

3.4 जब एक बार विद्यालय का अवसंरचनात्मक ढांचा और बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित हो जाए, तो कक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए काम करना होगा और छात्रों को कक्षा से जोड़े रखना एक महत्वपूर्ण काम होगा, ताकि छात्र (विशेष रूप से लड़कियां और सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों के विद्यार्थी और उनके माता-पिता स्कूल में भागीदारी के प्रति अपनी रुचि न खोएं। इसके लिए एक मजबूत चैनल और स्थानीय भाषा के ज्ञान के साथ उत्कृष्ट शिक्षकों के लिए प्रोत्साहन प्रणाली की आवश्यकता होगी, जो उन क्षेत्रों में तैनात किए जाएं जहाँ ड्रॉपआउट दरें विशेष रूप से अधिक हैं।

3.5 सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों (SEDG) पर विशेष जोर देते हुए सभी छात्रों को सीखने में मदद करने के लिए स्कूली शिक्षा के दायरे को व्यापक बनाना होगा ताकि सीखने के विभिन्न रास्ते उपलब्ध हो सकें। भारत के उन युवाओं के लिए जो किसी संस्थान में नियमित रूप से अध्ययन नहीं कर सकते उनके लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (NIOS) और राज्यों के ओपन स्कूलों द्वारा प्रस्तुत ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ODL) कार्यक्रम का विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, ताकि ऐसे युवाओं की सीखने की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। NIOS अपने वर्तमान कार्यक्रमों के अलावा निम्नलिखित कार्यक्रमों को भी ऑफर करेगा : ए, बी और सी स्तरों की शिक्षा जो औपचारिक स्कूल प्रणाली के कक्षा 3, 5 और 8 के बराबर हैं; माध्यमिक शिक्षा कार्यक्रम जो कक्षा 10 और 12 के बराबर है; व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम/कार्यक्रम; और वयस्क साक्षरता और जीवन-संवर्धन कार्यक्रम। NIOS की तर्ज पर राज्य सरकारों को क्षेत्रीय भाषाओं में ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ODL), NIOS द्वारा शिक्षा जारी रखना उनकी उम्र व योग्यता के अनुसार उपयुक्त कक्षा से जोड़ने का प्रयास प्रोत्साहित किया जाएगा कि वे अपने राज्यों में पूर्व से स्थापित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (SIOS) को सशक्त करके और नए संस्थानों की स्थापना करें और क्षेत्रीय भाषाओं में उपरोक्त कार्यक्रम इन संस्थानों के जरिये चलाएँ।

3.6. दोनों, सरकारों और गैर-सरकारी संस्थाओं, के लिए विद्यालय के निर्माण को सरल करने के लिए: संस्कृति, भूगोल और सामाजिक संरचना के आधार पर स्थानीय विविधताओं को प्रोत्साहित करने, और शिक्षा के वैकल्पिक मॉडल बनाने की अनुमति देने के लिए स्कूलों के निर्माण संबंधी नियमों को हल्का बनाया जाएगा। इसका फोकस इनपुट पर कम और वांछित सीखने के परिणामों से संबंधित आउटपुट क्षमता पर अधिक केन्द्रित होगा। इनपुट्स संबंधित विनियम कुछ विशेष क्षेत्रों तक सीमित होंगे जिनका अध्याय 8 में उल्लेख किया गया है। स्कूलों के अन्य मॉडलों को भी पायलट किया जाएगा, जिसमें सार्वजनिक-फिलेंथ्रोफिक साझेदारियां शामिल हैं।

3.7 बच्चों के अधिगम में सुधार के लिए भूतपूर्व विद्यार्थियों और समुदाय से स्वयंसेवी प्रयासों को प्रोत्साहित किया जायेगा। इसमें शामिल हैं- स्कूलों में एक-एक बच्चे के लिए ट्यूटरिंग, साक्षरता शिक्षण

और अन्य मदद हेतु अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित करना, शिक्षकों को शिक्षण में मार्गदर्शन और मदद उपलब्ध कराना, विद्यार्थियों को व्यवसाय संबंधी मार्गदर्शन देना, प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों में प्रौढ़ साक्षरता में सहयोग करना; आदि। इस दृष्टि से स्कूल के भूतपूर्व विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय के वरिष्ठ नागरिकों से उपयुक्त व्यक्तियों की पहचान की जाएगी। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए साक्षर स्वयंसेवकों, सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों/सरकारी/अर्ध सरकारी कर्मचारियों, भूतपूर्व विद्यार्थियों और शिक्षाविदों का एक डेटाबेस तैयार किया जायेगा।

मुख्य बिंदु- अपने क्षेत्र में मदद हेतु किसी गैर सरकारी संस्था/NGO से भी सहयोग ले सकते हैं । आवश्यकता पढ़ने पर बच्चों के अधिगम में सुधार हेतु स्थानीय समुदाय, भूतपूर्व विद्यार्थियों, नागरिकों के सहयोग से बच्चों के लिए ट्यूटर की व्यवस्था करना |

शिक्षा का अधिकार अधिनियम....

"शिक्षा का अधिकार अधिनियम 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों की शिक्षा के मौलिक अधिकार की गारंटी देता है, यह परिकल्पना करता है कि प्रत्येक बच्चा स्कूल में होगा और नियमित रूप से स्कूल जाएगा।" लेकिन प्रदेश इन चुनौतियों का सामना कर रहा है: स्कूल न जाने वाले बच्चे नामांकित बच्चों की स्कूल में नियमितता

आउट ऑफ स्कूल बच्चे की परिभाषा

06 से 14 वर्ष की आयु का कोई बच्चा जो किसी प्रारम्भिक विद्यालय में कभी नामांकित न किया गया हो/की गयी हो उसे आउट ऑफ स्कूल (शाला में अप्रवेशी) माना जायेगा।

ऐसा कोई बच्चा जिसका नाम शाला में दर्ज है परंतु यदि वह बच्चा लगातार 1 माह से अधिक अवधि तक अनुपस्थित रहता है अथवा 3 माह की औसत उपस्थिति 20% से भी कम है, तो ऐसे बच्चों के नाम भी शाला से बाहर बच्चों की सूची में सम्मिलित कर, उन्हें भी ड्रॉपआउट (शाला त्यागी) माना जायेगा।

संभावित ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की पहचान के प्रमुख मापदंड

1. कक्षा में उपस्थिति - लगातार अनुपस्थिति और अनियमित उपस्थिति
2. सीखने का स्तर (Learning Level) - विषयों में कमजोर उपलब्धि, सीखने में पिछड़ना
3. विद्यालय से जल्दी चले जाना - निर्धारित समय से पहले स्कूल छोड़ना
4. घरेलू जिम्मेदारियाँ - घर के काम या देखभाल की जिम्मेदारी
5. माता-पिता की साक्षरता - शिक्षा के प्रति सीमित समझ या सहयोग का अभाव
6. परिवार में बाल विवाह भाई/बहन का बाल विवाह होने से शिक्षा बाधित होना
7. एकल माता-पिता की स्थिति आर्थिक एवं भावनात्मक दबाव

8. पलायन (Migration) परिवार का अस्थायी या स्थायी स्थानांतरण
9. माता-पिता के काम में सहायता - कृषि, मजदूरी या पारिवारिक व्यवसाय में संलग्नता।

ऐसे लगातार अनुपस्थित विद्यार्थियों को विद्यालय से जोड़ने के लिए कौन-सी पहल है।

मुद्दे

सभी बच्चों का स्कूल में नामांकन।

नियमित स्कूल में हाजिरी (बच्चे एवं शिक्षक)।

पढ़ाई का वातावरण।

स्कूल में नियमित पढ़ाई।

बच्चों की पढ़ाई पर शिक्षक - SMC/SMDC -अभिवावक चर्चा।

स्कूल न जाने के संभावित कारण

1. परिवार के भरण-पोषण के लिए खेतों में काम करना, कृषि श्रम या अन्य श्रम कार्य (ईंट भट्ठा/ खनन कार्य आदि में संलग्न)
2. कमजोर आर्थिक स्थिति
3. मवेशी चराई
4. पारिवारिक कार्य में संलग्न
5. प्रवास
6. भाई बहन की देखभाल
7. दिव्यांग या लंबी बीमारी
8. सामाजिक मान्यता जिसके कारण माता-पिता बच्चों को शिक्षित करने से कतराते हैं
9. बाल विवाह
10. बीमार परिवार के सदस्य की देखभाल;
11. माता-पिता/परिवार के सदस्य की मृत्यु
12. स्कूल में शौचालय व अन्य सुविधाओं की अनुपलब्धता
13. शैक्षिक सुविधाओं का अभाव
14. स्कूल में पढ़ाई का माहौल अनुकूल ना होना -
15. शिक्षकों का व्यवहार ठीक नहीं है
16. खराब गुणवत्ता वाला शिक्षण/शिक्षा
17. शिक्षक अनुपस्थिति
18. स्कूल में महिला शिक्षक नहीं हैं
19. कोई अन्य कारण

जोखिम में रहने वाले बच्चे और उनके लिए लागू होने वाली योजनाएं

1. एकल मां के द्वारा पालन किए जाने वाला बच्चा माता के लिए विधवा पेंशन पीडीएस (राशन कार्ड) के माध्यम से खाद्य सुरक्षा रु.600 प्रति माह
2. एक या दोनों माता-पिता दिव्यांग मध्यप्रदेश दिव्यांग पेंशन योजना (विकलांगता 40% से अधिक होने पर) रु.500 प्रति माह
3. दिव्यांग बच्चे दिव्यांग पेंशन योजना रु.600 प्रति माह
4. मध्यप्रदेश में स्थापित कारखाने या स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिकों के बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए मध्यप्रदेश श्रम कल्याण शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना कक्षा 5वी. से 8वीं रू 2000/- कक्षा 9वी से 10वीं रू 4450/- कक्षा 11 वीं से 12वीं 4700/- अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को प्रत्येक कक्षा हेतु निर्धारित छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।
5. माता-पिता द्वारा मौसमी पलायन प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) के तहत माता-पिता के लिए मनरेगा जॉब कार्ड मुद्रा योजना के तहत ऋण मुद्रा योजनाः स्वरोजगार के लिए रु.50,000 से 10,00,000 तक का ऋण।
6. पंजीबद्ध निर्माण श्रमिक के पुत्र/पुत्री/पत्नी नियमित अध्यनरत हो (MP Building & Other Construction Workers Welfare Board) शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि BOCW के तहत लाभ अगर माता-पिता इस योजना के तहत पंजीकृत हैं

कक्षा 1 से स्नातकोत्तर एवं शोध कार्य करने हेतु रुपये 500/- से 10,000/- तक की राशि का हितलाभ प्राप्त करने की पात्रता है! योजनांतर्गत पंजीबद्ध निर्माण श्रमिकों की किन्ही 1 संतान/पत्नी या 2 संतान को हितलाभ देय है!

7. पंजीबद्ध निर्माण श्रमिक के पुत्र/पुत्री/पत्नी हेतु (MP Building & Other Construction Workers Welfare Board) मेधावी छात्र / छात्राओं कों नगद पुरुस्कार कक्षा 5 से स्तानक व स्तानकोत्तर एवं व्यावसायिक परीक्षा में चयन होने पर नगद पुरस्कार राशि छात्रों को 2000 से 10,000/- तथा छात्राओं हेतु 3000 से 12,000/- राशि देय होगी।
8. बच्चों के दादा-दादी, नाना-नानी द्वारा देखभाल लागू योजना मध्यप्रदेश वृद्धा पेंशन योजना / इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना लागू राशि / लाभ रू. 300 की पेंशन राशि प्रतिमाह (उम्र 60 से 69 वर्ष के बीच)। रू. 500 की पेंशन राशि प्रतिमाह (उम्र 80 वर्ष या इससे अधिक) /रू. 600 प्रतिमाह (बी.पी.एल. सूची में नाम होने पर)
9. मध्यप्रदेश में निवासरत कल्याणी (विधवा) को जीवन निर्वाह / सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन योजना रू. 600 प्रतिमाह (18 वर्ष 79 वर्ष की विधवा होने पर)
10. आउट ऑफ स्कूल बालिकाओं हेतु कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास रु.100 प्रति माह (निःशुल्क आवास, भोजन, शिक्षा आदि)
11. आउट ऑफ स्कूल बालकों हेतु नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालक छात्रावास रु.100 प्रति माह (निःशुल्क आवास, भोजन, शिक्षा आदि)

12. लड़कियां जिनके माता-पिता गरीब हैं, उनकी शिक्षा के लिए मध्यप्रदेश सरकार की लाडली लक्ष्मी योजना (गरीब वर्ग की बालिकाओं हेतु) आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकरण के समय 6,000 रु. का एनएससी

कक्षा 6 में प्रवेश के समय 2000 रु., कक्षा 9 में प्रवेश के समय 4000 रु., कक्षा 11वीं में प्रवेश के समय 6000 रु., कक्षा 12वीं में प्रवेश के समय 6000 रु. ,बालिका की आयु 21 वर्ष पूर्ण होने पर एक लाख रु.,

पहली शर्त :- बालिका 12वीं कक्षा में सम्मिलित हो । **दूसरी शर्त :-** बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने से पहले नहीं होना चाहिए । उन सभी बच्चों को स्नातक, डिप्लोमा, पॉलिटेक्निक अथवा आईटीआई पाठ्यक्रमों में एंट्री प्राप्त करने पर शिक्षण से जुड़ी फीस राज्य सरकार के द्वारा प्रदान की जाएगी।

जिनके माता-पिता मध्य प्रदेश के श्रम विभाग में असंगठित कामगार के रूप में पंजीकृत हैं मध्य प्रदेश जनकल्याण शिक्षा प्रोत्साहन योजना (असंगठित क्षेत्र के कामगारों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करना।)

एकल मां के द्वारा पालन किए जाने वाला बच्चा माता के लिए विधवा पेंशन पीडीएस (राशन कार्ड) के माध्यम से खाद्य सुरक्षा रु.600 प्रति माह

एक या दोनों माता-पिता दिव्यांग मध्यप्रदेश दिव्यांग पेंशन योजना (विकलांगता 40% से अधिक होने पर) रु.500 प्रति माह

दिव्यांग बच्चे - दिव्यांग पेंशन योजना रु.600 प्रति माह

मध्यप्रदेश में स्थापित कारखाने या स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिकों के बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए मध्यप्रदेश श्रम कल्याण शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना कक्षा 5वी. से 8वीं रू 2000/- कक्षा 9वीं से 10वीं रू 4450/- कक्षा 11 वीं से 12वीं 4700/- अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को म द्वारा प्रत्येक कक्षा हेतु निर्धारित छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

श्री केशव कुमार पाराशर खंडवा डाइट के रिटायर्ड प्राचार्य हैं, उन्हें खंडवा डाइट में 30 साल का टीचर एजुकेशन का अनुभव है उन्होंने 40 किताबें लिखी है और सन् 1997 में बेस्ट टीचर एजुकेटर स्टेट अवार्ड मिला है, सन् 1998 यूनिसेफ भोपाल का शिक्षा सम्यक प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्टेट अवार्ड मिला है राज्य, शिक्षा केंद्र के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण प्रोग्राम में कार्य किया है, इनके द्वारा NEP 2020 तथा शिक्षा की चुनौतियां पर प्रजेन्टेशन दिया गया। उन्होंने बताया की सीखने - सिखाने की प्रक्रिया में बुद्धिमत्ता विकास हेतु High Order Learning, विवेक एवं चिंतन की आवश्यकता है। सीखने के लिये सीखने की कला सीखना अधिक जरूरी है। इसमें अनुभवात्मक प्रक्रिया एवं भावनात्मक गुणांक की आवश्यकता है। उन्होंने पांडिचेरी के अरविंद विद्यालय के मेरे सपनों



श्री केशव कुमार पाराशर

की शाला का उदाहरण दिया। जहां विद्यार्थियों को सीखने की गति, सामर्थ्य, रूचि एवं योग्यतानुसार पाठ्यक्रम चयन करने की सुविधा है। साथ ही विद्यार्थी स्थान एवं शिक्षक का चयन भी कर सकते है। यहां प्रयोगात्मक कक्षा एवं फिजीकल फिटनेस कक्षायें भी संचालित होती है। उन्होंने बताया राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020का आधार सिद्धांत है अच्छे इंसानों का विकास करना। इसके अंतर्गत शिक्षा के मुख्य उद्देश्य है

- पूर्ण मानव क्षमता को प्राप्त करना|
- एक न्याय संगत और न्याय पूर्ण समाज का विकास करना|
- राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देना (राष्ट्र प्रथम)|
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सार्वभौमिकता प्रदान करना|
- वैश्विक मंच पर सामाजिक न्याय और समानता वैज्ञानिक उन्नति सुनिश्चित करना|
- राष्ट्रीय एकीकरण और सांस्कृतिक संरक्षण के संदर्भ में भारत की सतत प्रगति और आर्थिक विकास सुनिश्चित करना|
- देश की समृद्धि प्रतिभा और संसाधनों का सर्वोत्तम विकास और संवर्धन व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व की भलाई के लिए किया जाना|

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020में सभी के लिए समावेशी और समान गुणवत्ता युक्त शिक्षा सुनिश्चित करने और जीवन पर्यंत शिक्षा के अवसरों का बढ़ावा दिए जाने का लक्ष्य|

सतत विकास एजेंडा 2030 शिक्षा की प्रमुख चुनौतियां-

- ज्ञान के परिदृश्य में पूरा विश्व तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है|
- बिग डाटा,मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में हो रहे बहुत से वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के चलते तेजी से कुशल प्रशिक्षकों की मांग बढ़ रही है|
- विज्ञान समाज विज्ञान और मानविकी के विविध विषयों में योग्यता रखने वालों की मांग बढ़ रही है|
- जलवायु परिवर्तन,बढ़ते प्रदूषण और घटते प्राकृतिक संसाधनों की वजह से हमें भोजन,पानी,स्वच्छता आदि की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नए रास्ते खोजने होंगे|
- इन विषमताओं के समाधान के लिए जीव विज्ञान,रसायन विज्ञान,भौतिक विज्ञान,कृषि,जलवायु विज्ञान और समाज विज्ञान के क्षेत्रों में विशेषज्ञों और नए कुशल कारीगरों की मांग बढ़ी है|
- महामारी और महामारी के बढ़ते उद्भव संक्रामक रोग प्रबंधनऔर टीकों के विकास में सहयोगी अनुसंधान और सामाजिक मुद्दे आदि बहुविषयक अधिगम की आवश्यकता बढ़ गई है|
- मानविकी और भाषा कला की मांग बढ़ेगी|



- रोजगार और वैश्विक परिस्थितिकी में तीव्र गति से आ रहे परिवर्तनों की चुनौती है।

उन्होंने बताया कि शिक्षा में क्या बदलाव जरूरी है (अपेक्षाएं क्या है)

- बच्चे को जो कुछ सिखाया जा रहा है उसे तो सीखे ही और साथ में वह सतत सीखते रहने की कला भी सीखें।
- शिक्षा में विषय वस्तु को बढ़ाने की बजाय इस बात पर जोर देने की अधिक जरूरत है कि बच्चे समस्या समाधान और तार्किक एवं रचनात्मक रूप से सीखे।
- विविध विषयों के बीच अंतर संबंधों को देख पाए।
- कुछ नया सोच पाए और नई जानकारी को एक नए और बदलती परिस्थितियों या क्षेत्रों में उपयोग कर पाए।
- जरूरत है कि शिक्षण प्रक्रिया शिक्षार्थी केंद्रित हो।
- जिज्ञासा और सम्मान और अनुभव के आधार पर संचालित हो।
- शिक्षण प्रक्रिया लचीली हो और समग्रता और समन्वित रूप से देखने समझने में सक्षम बनाने वाली हो।
- शिक्षा शिक्षार्थी के जीवन के सभी पक्षों और क्षमताओं का संतुलित विकास कर सके।
- शिक्षण प्रक्रिया रूचि पूर्ण एवं आनंददाई व भयमुक्त हो।
- शिक्षा शिक्षार्थी के जीवन के सभी पक्षों और क्षमताओं का संतुलित विकास कर सके।
- शिक्षार्थी संगत विचार और कार्य करने में सक्षम हो।
- जिसमें करुणा सहानुभूति साहस और लचीलापन वैज्ञानिक चिंतन और रचनात्मक कल्पना शक्ति नैतिक मूल्य हो।

साथ ही उन्होंने पाठ्यक्रम, वर्तमान शिक्षा में क्या बदलाव अपेक्षित हैं, बताया।

- पाठ्यक्रम में विज्ञान और गणित के अलावा बुनियादी कला, शिल्प, मानविकी, खेल, फिटनेस, भाषा, साहित्य, संस्कृति और मूल्यों का अवश्य समावेश हो।
- शिक्षा से चरित्र निर्माण हो।
- शिक्षार्थियों में नैतिकता,तार्किकता,करुणा और संवेदनशीलता विकसित हो।
- रोजगार के लिए सक्षम बनाता हो।
- सीखने के परिणाम लोक कल्याणकारी हो।
- 10+2 के स्थान पर 5+3+3+4 किया जाना।
- सीखने के परिणाम की वर्तमान स्थिति बदलने के लिए शिक्षा में प्रारंभिक शिक्षा, बाल्यावस्था देखभाल और माध्यमिक शिक्षा से उच्चतर शिक्षा तक उच्चतम गुणवत्ता इक्विटी (समानता) और सिस्टम (प्रणाली) में अखंडता लाकर प्रमुख सुधार किये जा सकते है।

- 2040 तक भारत के लिए एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था लागू करना जहां किसी भी सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले शिक्षार्थियों को समान रूप से सर्वोत्तम गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध हो।
- यह शताब्दी की पहली शिक्षा नीति है जिसका लक्ष्य हमारे देश के विकास के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करती है।
- भारत के गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों के आधार को बरकरार रखते हुए 21वीं सदी की शिक्षा के लिए आकांक्षात्मक लक्ष्यों के संयोजन में शिक्षा व्यवस्था उसके नियमन और गवर्नेंस सहित सभी पक्षों में सुधार और पुनर्गठन का प्रस्ताव करना है।
- प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर जोर देती है।
- यह नीति सिद्धांत पर आधारित है कि साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान जैसी बुनियादी क्षमताओं के साथ-साथ उच्च स्तर की तार्किक और समस्या समाधान संबंधित सभी संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास हो बल्कि नैतिक सामाजिक और भावनात्मक स्तर पर भी व्यक्ति का विकास हो|
- प्राचीन और सनातन भारतीय ज्ञान और विचार की समृद्ध परंपरा के आलोक में यह नीति तैयार की गई है|
- ज्ञान, प्रज्ञा और सत्य की खोज को भारतीय विचार परंपरा और दर्शन में सदा सर्वोत्तम मानवीय लक्षण माना जाता था|
- प्राचीन भारत में शिक्षा का लक्ष्य सांसारिक जीवन और स्कूल के बाद के जीवन की तैयारी के रूप में ज्ञान अर्जन नहीं बल्कि पूर्ण आत्मज्ञान और मुक्ति के रूप में माना गया था|
- तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला और बल्लवी जैसे विश्व स्तरीय संस्थानों से विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षण और शोध के प्रतिमान स्थापित किए गए|
- उसी व्यवस्था से चरक, सुश्रुत, आर्यभट्ट, वराहमिहिर, भास्कर, आचार्य विष्णुगुप्त, चाणक्य, चक्रपाणि, माधव, पाणिनि, पतंजलि, नागार्जुन, गौतम, पिंगला, शंकर देव, मैत्री, गार्गी हमारे समक्ष आए|
- शिक्षा व्यवस्था में किए जा रहे बुनियादी बदलाव के केंद्र में शिक्षक ही हैं, शिक्षक को समाज के सर्वाधिक सम्माननीय और अनिवार्य सदस्य के रूप में स्थापित करने में सहायता करनी होगी|
- सभी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराना|
- शिक्षा बराबरी सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण एवं बड़ा माध्यम है|
- शिक्षा से ही समाज में समानता समावेशन और सामाजिक आर्थिक रूप से गतिशीलता हासिल की जा सकती है|
- देश के विकास में भारत की समूह विविधता और संस्कृति के प्रति सम्मान और इसके विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक और तकनीकी आवश्यकताओं के साथ यहां की अद्वितीय कला और ज्ञान परंपराओं के बारे में ज्ञानवान बनाते हुए राष्ट्रीय गौरव आत्मविश्वास परस्पर सहयोग और एकता की दृष्टि से भारत को स्वतंत्र सर्वोच्च ऊंचाइयों पर ले जाना|

NEP 2020 शिक्षा के मूलभूत सिद्धांत में बताया कि

- हर बच्चे के विशिष्ट क्षमताओं की पहचान और उनके समग्र विकास का प्रयास करना|
- बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को सर्वाधिक प्राथमिकता देना|
- लचीलापन जो सीखने के तौर तरीके और कार्यक्रमों को चुनने की क्षमता हो और अपनी प्रतिभा व रूचि के अनुसार जीवन में अपना रास्ता चुन सकें|
- कला और विज्ञान के बीच पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या की विधियों के बीच की शैक्षणिक व्यवस्थाओं में ऊंच-नीच, परस्पर दूरी को दूर किया जा सके और संबद्धता स्थापित की जा सके।
- बहुविषयक और समग्र शिक्षा का विकास|
- अवधारणात्मक समझ पर जोर|
- रचनात्मक, तार्किक ज्ञान और निर्णय क्षमता, नवाचार का प्रोत्साहन करना|
- नैतिकता, मानवीय संवैधानिक मूल्यों का विकास जैसे सहानुभूति, दूसरों के लिए सम्मान, स्वच्छता, शिष्टाचार, लोकतांत्रिक भावना, सेवा की भावना, सार्वजनिक संपत्ति के लिए सम्मान, वैज्ञानिक चिंतन, स्वतंत्रता जिम्मेदारी, बहुलतावाद, समानता और न्याय|
- बहुभाषिकता और अध्ययन अध्यापन में भाषा की शक्ति का प्रोत्साहन करना|
- जीवन कौशल का विकास, आपसी संवाद, सहयोग, सामूहिक कार्य, लचीलापन|
- सीखने का रचनात्मक और योगात्मक सतत मूल्यांकन करना |
- तकनीकी का यथा योग्य उपयोग पर जोर|
- स्थानीय संदर्भ की विविधता और स्थानीय परिवेश के लिए सम्मान|
- सभी शैक्षिक निर्णयों की आधारशिला के रूप में पूर्ण समता और समावेशन|
- स्कूली शिक्षा के हर स्तर के पाठ्यक्रम में बेहतर तालमेल प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल तथा शिक्षा दें|
- शिक्षकों और संकाय को सीखने की प्रक्रिया का केंद्र मानना, शिक्षक की भर्ती, शिक्षक की तैयारी की उत्कृष्ट व्यवस्था, निरंतर व्यावसायिक विकास, सकारात्मक कार्य व वातावरण सेवा की स्थिति|
- शैक्षिक प्रणाली के लिए प्रभावी नियमात्मक ढांचा|
- स्वायत्तता, सुशासन और सशक्तिकरण के माध्यम से नवाचार और विचारों को प्रोत्साहित करना|
- उत्कृष्ट स्तर के शोध को बढ़ावा देना|
- शिक्षा को भारतीय जड़ों और गौरव से बांधना रहना|
- शिक्षा एक सार्वजनिक सेवा है|
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच हर बच्चे का मौलिक अधिकार माना जाना चाहिए|
- मजबूत और सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली में निवेश|

उपरोक्त सिद्धांतों को बताकर उन्होंने अपना सत्र समाप्त किया।

14. श्रीमती शीतल शर्मा संचालक साया वेलफेयर सोसायटी जिन्हें मानवतावादी सहायता, सामुदायिक विकास और वकालत में 13 वर्षों का व्यापक अनुभव है। जटिल वैश्विक चुनौतियों को संबोधित करने, सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने और हाशिए पर रह रही आबादी के लिए स्थायी समाधान प्रदान करने में कुशल है। तकनीकी, परिचालन और लोगों के प्रबंधन कौशल का संतुलन, उनके तीव्र पेशेवर दृष्टिकोण और जटिल मुद्दों को सुलभ समाधान में बदलने की क्षमता ने उन्हें विभिन्न समूहों और NGOs में एक महत्वपूर्ण लीडर और सलाहकार बना दिया है। उन्होंने दिल्ली सरकार, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों (PHFI, CHAI, UNDP और सृजन फाउंडेशन) द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं पर काम किया। उन्होंने सामाजिक कार्य में स्नातक और परास्नातक की डिग्री, महिला अध्ययन में परास्नातक, करियर और मार्गदर्शन परामर्श में डिप्लोमा, HIV/AIDS और परिवार शिक्षा में डिप्लोमा प्राप्त किया है।



श्रीमती शीतल शर्मा

इनके द्वारा लीडरशिप विषय पर प्रजेन्टेशन दिया गया, उन्होंने एक सशक्त एवं सफल लीडरशिप की यात्रा के लिये कौन-कौन से गुण विकसित करना आवश्यक है विस्तार से बताया, विद्यायल नेतृत्व को इन प्रमुख गुणों को अपने अन्दर स्वयं विकसित कर इन्हें शिक्षकों, विद्यार्थियों में भी संचारित करना चाहिये और अपनी लीडरशिप यात्रा में अपने उत्तराधिकारी भी तैयार करना चाहिये तभी यह यात्रा पथ सफल होना संभव होगा। इनके द्वारा लीडरशिप के प्रमुख ट्रेंडस, स्वयं के विकास एवं विद्यालय विकास के लिये टू डू लिस्ट बतायी गयी जो इस प्रकार है -

लीडरशिप के ट्रेंडस -

लीडर अब अधिकार देने की बजाय टीमों को सशक्त बनाने, नवाचार और उद्देश्य के बीच संतुलन बनाने और बदलाव के सक्रिय चालक बनने की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

प्रमुख नेतृत्व रुझान -

मानव-केंद्रितता कल्याण, विश्वास और संतुष्टि का निर्माण करने के लिए सहानुभूति, भावनात्मक बुद्धिमत्ता (ईक्यू), मानसिक स्वास्थ्य सहायता और मनोवैज्ञानिक सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जाता है। समावेशी और विविधतापूर्ण नेतृत्व के लिये प्रतिनिधित्व से आगे बढ़कर प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के लिए विविधतापूर्ण सोच का लाभ उठाना और अपनेपन की भावना पैदा करना, चपलता और अनुकूलनशीलता के लिये अस्थिर वातावरण में तेजी से बदलाव करने और नवाचार और प्रयोग की संस्कृति को बढ़ावा देने की क्षमता विकसित करना। एआई और प्रौद्योगिकी का एकीकरण अंतर्दृष्टि, स्वचालन और निर्णय लेने के लिए एआई को एक रणनीतिक भागीदार के रूप में उपयोग करना, जिसके लिए नेताओं को तकनीकी रूप से कुशल होना आवश्यक है।



उन्होंने आगे बताया कि स्व-विकास के लिये - नए कौशल जोड़ें, नये शौक, नए समूह, अन्वेषण हेतु क्षेत्र, शांति मंत्र, आत्म निरीक्षण, सकारात्मक ऊर्जा, पर्यावरण से जुडाव, अपने आप को पुरस्कृत करें। विद्यालय विकास कार्यों की सूची में - पर्यावरण: मूर्त और अमूर्त, कौशल विकास: छात्र और शिक्षक, क्षमता निर्माण: क्षेत्रों की पहचान, आनंददायक शिक्षण तकनीकें: कहानी सुनाना, प्रकृति की सैर, नाटक और अभिनय, नेटवर्किंग: समूहों और गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर काम करें, नवाचार: छात्रों को पेड़-पौधों और ग्रह को बचाने के लिए प्रेरित करना बताया।

15. श्री सज्जाद अहमद कुरैशी, उच्च माध्यमिक शिक्षक भौतिक शास्त्र म.प्र सीमेट स्टेट कोरग्रुप के सदस्य तथा राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल में समय समय पर आयोजित होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कार्यशाला, मॉड्यूल लेखन कार्य, और टीएल एम निर्माण में सहभागीता करते है। माध्यमिक शिक्षक मंडल भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा पेपर निर्माण, मूल्यांकन एवं ब्लूप्रिंट कार्यशाला में सहभागिता, आकाशवाणी प्रसार भारती के शैक्षणिक कार्यक्रम अनुगुंज, युवा वाणी, साहित्य में वार्ता का प्रसारण, जिला स्तर पर ज्ञानकुंज दल के सदस्य के रूप में शैक्षणिकोन्नयन, संग्रहितर शाजापुर के अध्यक्षता में जिला रोजगार कैरियर मार्गदर्शन में विशेषज्ञ की भूमिका,14 वॉ विश्व हिंदी सम्मेलन में सहभागिता, आईआईएम लखनऊ, इग्नू नई दिल्ली एवं NIEPA वर्कशॉप में प्रशिक्षण प्राप्त किया, 2003 में शिक्षा के क्षेत्र में बालिका शिक्षा को



श्री सज्जाद अहमद कुरैशी

बढ़ावा देने एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए अमर उजाला द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार प्राप्त किया, 2023 में भारतमाता राष्ट्रीय पुरस्कार उनके द्वारा किए गए नवाचारों के लिए दिया गया, इसके अलावा अनेक क्षेत्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कारों से भी नवाजा गया श्री सज्जाद अहमद कुरैशी एसआरजी शाजापुर ने विद्यालय शिक्षा में सामुदायिक सहभागिता विषय पर अपना प्रजेन्टेशन दिया। उन्होंने सामुदायिक सहभागिता के महत्वों को बताया सामुदायिक सहभागिता से विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बढ़ जाती है। ड्रापआउट समस्या समाधान में मदद मिलती है। विद्यालय संबंधित समस्याओं के समाधान भी प्राप्त होते है। विद्यालय नेतृत्व को चाहिये कि अपनी निर्णय प्रक्रिया में शिक्षकों, विद्यार्थियों अभिभावक एवं समुदाय को भी सम्मिलित करें तो विद्यालय का विकास करना आसान होगा, शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि होगी। विद्यालय शिक्षा में समुदायिक सहभागिता क्यों आवश्यक है इनके द्वारा इस प्रकार बताया गया। ड्रॉपआउट की समस्या, अभिभावकों की सीमित भागीदारी, विद्यालयों पर बढ़ता दबाव, सामूहिक उत्तरदायित्व की जरूरत। विद्यालय शिक्षा में समुदायिक सहभागिता के लिये राष्ट्रीय नीतिगत आधार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009, समग्र शिक्षा अभियान, विद्यालय प्रबंधन समितियाँ का होना बताया। मध्य प्रदेश के शैक्षिक परिदृश्य जैसे ग्रामीण एवं आदिवासी बहुल राज्य, प्रथम पीढ़ी के शिक्षार्थी, पलायन की समस्या, सरकारी विद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका को समझाया। विद्यालय शिक्षा में समुदायिक सहभागिता के लिये 5 मॉडल की व्याख्या की गई जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

16. मॉडल 1: विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC)

अभिभावकों की भागीदारी, विद्यालय विकास योजना, उपस्थिति एवं संसाधन निगरानी, सामुदायिक उत्तरदायित्व



मॉडल 2: स्थानीय नेतृत्व की भूमिका

सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम सभा में शिक्षा, स्थानीय संसाधनों का उपयोग

मॉडल 3: युवा एवं स्वयंसेवक सहभागिता

सेवानिवृत्त शिक्षक, कॉलेज विद्यार्थी, स्थानीय शिक्षित युवा, सहयोगी शिक्षण

मॉडल 4: अभिभावक सहभागिता कार्यक्रम

अभिभावक-शिक्षक बैठक, बाल सभा, घर-घर संपर्क अभियान

मॉडल 5: विभागीय समन्वय

आंगनवाड़ी और विद्यालय समन्वय, स्वास्थ्य एवं पोषण, बहु-विभागीय सहभागिता

सामुदायिक सहभागिता का प्रभाव

नामांकन में वृद्धि, ड्रॉपआउट में कमी, बालिकाओं की भागीदारी, सीखने के परिणामों में सुधार

मध्य प्रदेश की प्रमुख सीख

विद्यालय समुदाय का केंद्र, शिक्षक सामाजिक नेता, निरंतर संवाद आवश्यक, सामुदायिक शिक्षक लीडर, मासिक समुदाय दिवस, स्थानीय सफलताओं का सम्मान

उन्होंने निम्नबिंदुओं को लेकर चर्चा की

- आपके राज्य की सबसे बड़ी चुनौती क्या है?
- समुदाय को कैसे जोड़ेंगे?
- 30-दिन की कार्ययोजना

विद्यालय केवल भवन नहीं, यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस समापन संदेश के साथ अपना सत्र पूर्ण किया।

17. NIEPA, NCSL से डॉ. चारू स्मिता मलिक आसिस्टेंट प्रोफेसर उपस्थित हुई उन्होंने कार्यशाला के प्रयोजन, उद्देश्य, लक्ष्य एवं आउटकम्स के बारे में बताया तथा आगामी दिवस की कार्यशाला की रूपरेखा से सभी को अवगत कराया इसी के साथ प्रथम दिवस की कार्यशाला संपन्न हुई।



डॉ. चारू स्मिता मलिक

दिनांक 30.12.2025
दिन मंगलवार



द्वितीय दिवस की कार्यशाला के आरंभ में स्वागत की श्रंखला में श्री उसमान खान सलाहकार सीमेट, नोडल अधिकारी SLA मध्यप्रदेश के द्वारा NIEPA-NCSL से डॉ. चारू स्मिता मलिक आसिस्टेंट प्रोफेसर का स्वागत किया गया।

डॉ. चारू स्मिता मलिक ने सफल नेतृत्व के सात आधारभूत सिद्धान्तों के विषय में विस्तार से बताया सभी राज्यों से आये हुये अतिथिगणों से चर्चा परिचर्चा के दौरान सफल नेतृत्व के चार सिद्धांत और निकल कर आये। इस प्रकार कुल 11 सिद्धांतों पर ग्रुपवर्क करने हेतु निम्नानुसार समूह बनाये गये –



डॉ. चारू स्मिता मलिक

ग्रुप 1 समूह के सदस्यों के नाम

श्री सुधाकर पाराशर, श्री राकेश देवांग, श्री चंद्रेश श्रीवास्तव, श्री योगेंद्र नाथ,

ग्रुप 2 समूह के सदस्यों के नाम

श्री प्रभु दयाल सरवैया, श्री ताज फराज़ खान, श्री सज्जाद अहमद कुरैशी, श्री बुद्ध सागर सिंह, श्रीमती शीतल शर्मा

ग्रुप 3 समूह के सदस्यों के नाम

श्रीमान ओम प्रकाश विजयवर्गीय, श्रीमती डॉ. रचना शर्मा, श्रीमती डॉ. उमा गौतम

ग्रुप 4 समूह के सदस्यों के नाम

श्री प्रभात मिश्र, श्रीमती ओंकुश वर्मा, श्री सौरभ शर्मा, श्री मनमोहन विश्वकर्मा

ग्रुप 5 समूह के सदस्यों के नाम

श्रीमती सुशीला धनकर, श्रीमती निर्मल गुलिया, श्री संतोष धनवारे

ग्रुप 6 **समूह के सदस्यों के नाम**

श्री महेश जैन, श्रीमती स्वाति सिंह, श्री रिंकू गौर

ग्रुप 7 **समूह के सदस्यों के नाम**

श्री किशोर कुमार पाराशर, श्री संजय निंबोरकर, श्री राजेंद्र असाटी

ग्रुप 8 **समूह के सदस्यों के नाम**

श्री उसमान खान, श्रीमती सीमा महाजन, श्रीमती नीलू शर्मा, श्रीमती प्रीति सोनी, श्रीमती सुचि झा, श्रीमती संगीता शर्मा

प्रत्येक ग्रुप को दो या तीन सिद्धांतों पर ग्रुपवर्क करने दिया गया। इन सिद्धांतों के क्या आउटकम्स होगें और उन्हें प्राप्त करने के लिये क्या रणनीतियां अपनायी जायेंगी पर ग्रुपवर्क कर प्रजेन्टेशन देने के लिये कहा गया। ग्रुपवर्क के लिये निम्नलिखित सिद्धांत दिये गये इसके लिये सभी ग्रुप को 2 घंटे का समय दिया गया।

प्रमुख सिद्धांत - स्कूल नेतृत्व के सात मजबूत दावों पर पुनर्विचार

1. छात्रों के अधिगम पर प्रभाव डालने हेतु, कक्षाकक्ष शिक्षण के बाद विद्यालय नेतृत्व की भूमिका को द्वितीय स्थान पर देखा जाता है।
2. लगभग सभी सफल नेतृत्वकर्ता, एक ही प्रकार के आधारभूत नेतृत्व अभ्यासों का अनुसरण करते हैं।
3. जिस तरह से नेतृत्वकर्ता इन आधारभूत नेतृत्व अभ्यासों का प्रयोग करते हैं- वह इस बात का प्रमाण है कि वे जिस संदर्भ में काम करते हैं उसके अनुरूप प्रतिक्रिया देते हैं, न कि सन्दर्भों से आदेश लेते हैं।
4. विद्यालय नेतृत्वकर्ता, स्टाफ के प्रोत्साहन, दक्षता एवं शिक्षकों के कार्यशैली को सबसे असरदार तरीके से प्रभावित करते हुए अप्रत्यक्ष रूप से शिक्षण और अधिगम को बेहतर बनाते हैं।
5. जब विद्यालय नेतृत्व व्यापक रूप से वितरित होता है, तो वह विद्यालयों और छात्रों पर अत्यधिक प्रभाव डालता है।
6. वितरण के कुछ प्रतिमान, दूसरे प्रतिमानों की तुलना में ज्यादा प्रभावी होते हैं।
7. नेतृत्वकर्ता की कुछ अहम "व्यक्तिगत विशेषताएं", हैं जिनका सकारात्मक प्रभाव विद्यालय प्रक्रियाओं पर पड़ता है
8. प्रभावी विद्यालय नेतृत्व, विद्यालय में एक अनुकूल सामाजिक-भावनात्मक अधिगम वातावरण को सुगम बनाती है, जो सभी भागीदारों (स्टेकहोल्डर्स) के हित में होती है।
9. आंकड़ों के आधार पर लिए गए निर्णयों द्वारा विद्यालयों के परिणामों में सुधार होते हैं।
10. विद्यालय नेतृत्व का व्यापक प्रभाव, विद्यालय की सीमाओं से परे, विस्तृत समुदाय और समाज पर पड़ता है।
11. प्रभावी विद्यालय नेतृत्व, मूल्य आधारित, नैतिकता और नागरिकता की भावना को विद्यालय प्रक्रियाओं की नींव के रूप में स्थापित

सभी ग्रुप से चर्चा के दौरान कुछ आउटकम्स निकल कर आये, अब ग्रुपवर्क द्वारा ऐसी रणनीतियां तय करनी थी जिनसे उपरोक्त सिद्धांतों के अंतर्गत निम्न आउटकम्स प्राप्त हो सके -

School based outcome
Learning outcome in all stage,
Co curriculum achievement,
Continuous professional development of all stake holders,
Reduce drop out and enrollment,
Infrastructure Upgradation,
Positive School Awareness,
Student centric Excellence,
Positive work culture,
Perception of community,
Social awareness,
Achieving safety norms,
High innovational level of the children,
Active citizenship,
Effective Administration,
Financial Integrity,
Moral fabric of the School,
Use of the ICT,
Perspective and the placement of the student,
Inclusive environment,
Competent individual









समूह कार्य करते हुये समूह सदस्यगण

सभी ग्रुप्स द्वारा कुछ सिद्धांतों को लेकर प्रजेन्टेशन के माध्यम से आउटकम्स प्राप्त करने के लिये रणनीतियां बतायी गयी जो इस प्रकार है -

सिद्धांत 2 लगभग सभी सफल नेतृत्वकर्ता एक ही प्रकार के आधारभूत नेतृत्व अभ्यासों का अनुसरण करते हैं।

सफल नेतृत्व कुछ मूलभूत अभ्यासों पर टिका होता है वर्कशॉप में साझा किए गए उदाहरणों से यह स्पष्ट हुआ कि लगभग सभी सफल नेतृत्व मॉडल कुछ समान मूलभूत अभ्यासों पर आधारित होते हैं। नेतृत्व की सफलता किसी विशेष शैली पर नहीं, बल्कि निरंतरता, स्पष्टता और ईमानदारी पर निर्भर करती है। जब हम इन मूल अभ्यासों–जैसे संवाद, सहयोग और भरोसे, को अपनाते है, तब विद्यालय की कार्यसंस्कृति स्वतः मजबूत होने लगती है। विद्यालय आज केवल पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षण का स्थान नहीं रहा,

बल्कि वह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, सुरक्षा और भविष्य निर्माण का केंद्र बन चुका है। ऐसे परिवेश में विद्यालय नेतृत्व की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। नेतृत्व की सोच, व्यवहार और निर्णय विद्यालय की वास्तविक स्थिति को प्रभावित करते हैं।

इस वर्कशॉप के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित रहे: विद्यालय नेतृत्व की भूमिका को व्यवहारिक दृष्टि से समझना नेतृत्व के माध्यम से विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के उपायों पर विचार करना शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवेश को सशक्त बनाने की रणनीतियों पर चर्चा करना सुरक्षित, संवेदनशील एवं सकारात्मक विद्यालय वातावरण के निर्माण हेतु नेतृत्व की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करना

प्रशिक्षण की प्रमुख विषय-वस्तु-

विद्यालय नेतृत्व के मूल सिद्धांत प्रभावी विद्यालय नेतृत्व का आधार केवल प्रशासनिक दक्षता नहीं, बल्कि दृष्टि, दिशा और संबंध होते हैं। नेतृत्वकर्ता का कार्य है, विद्यालय को स्पष्ट दिशा देना संगठन को इच्छित शैक्षणिक व्यवहारों के अनुरूप विकसित करना शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ विश्वासपूर्ण संबंध बनाना यह भी स्पष्ट कि जब नेतृत्व सहयोगात्मक होता हैए तभी विद्यालय में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देता है।

शैक्षणिक योजना एवं क्रियान्वयन -

इस सत्र में विद्यालय शैक्षणिक योजना की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को यह समझाया गया कि शैक्षणिक योजना केवल औपचारिक दस्तावेज़ न होकर, कक्षा तक पहुँचने वाली जीवंत प्रक्रिया होनी चाहिए। इस संदर्भ में निम्न बिंदुओं पर विशेष बल दिया गया: विद्यार्थियों की सीखने की स्थिति के अनुसार योजना निर्माण शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी समय-समय पर समीक्षा एवं आवश्यक सुधार करना।

शिक्षक क्षमता संवर्धन -

प्रशिक्षण में यह स्पष्ट रूप से उभरकर आया कि विद्यालय में किसी भी सुधार की सफलता शिक्षकों पर निर्भर करती है। कुशल नेतृत्वकर्ता वही है जो: शिक्षकों की क्षमताओं को पहचानता है उन्हें सीखने और प्रयोग करने का अवसर देता है और उनके प्रयासों को सम्मान देता है।

ICT एवं नवाचार -

ICT के उपयोग को लेकर यह स्पष्ट किया गया कि तकनीक स्वयं में उद्देश्य नहीं, बल्कि सीखने को सरल, रोचक और प्रभावी बनाने का साधन है। प्रशिक्षण में ICT के व्यवहारिक उपयोग, नवाचार को प्रोत्साहन और कक्षा आधारित उदाहरणों पर चर्चा की गई।

मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन -

इस सत्र में प्रतिभागियों को यह समझाया गया कि मॉनिटरिंग का उद्देश्य नियंत्रण नहीं, बल्कि मार्गदर्शन और सुधार होना चाहिए। निरीक्षण तभी प्रभावी होता है जब वह: संवाद पर आधारित हो शिक्षकों को भयमुक्त वातावरण दे और सुधार के लिए सहयोग प्रदान करे

परीक्षा परिणामों का विश्लेषण -

परीक्षा परिणामों को केवल अंक के रूप में न देखकर, सीखने के संकेत के रूप में देखने पर बल दिया गया। परिणामों के विश्लेषण के माध्यम से: कमजोर क्षेत्रों की पहचान सुधारात्मक कार्ययोजना एवं शिक्षण रणनीतियों में बदलाव पर चर्चा की गई। इस वर्कशॉप के माध्यम से प्रतिभागियों में यह समझ विकसित हुई कि: विद्यालय नेतृत्व एक निरंतर प्रक्रिया है नेतृत्व का प्रभाव सीधे विद्यालय के वातावरण और परिणामों पर पड़ता है सहयोगात्मक और संवेदनशील नेतृत्व से ही विद्यालय सशक्त बन सकता है। यह वर्कशॉप केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यालय नेतृत्व की भूमिका पर आत्ममंथन का अवसर सिद्ध हुई। प्रतिभागियों ने यह अनुभव किया कि जब नेतृत्व सीखने को प्राथमिकता देता है, संवाद को महत्व देता है और सुरक्षा व सम्मान को आधार बनाता है, तब विद्यालय केवल संस्था नहीं रहता, बल्कि विश्वास और विकास का केंद्र बन जाता है।



डॉ चारू स्मिता मलिक द्वारा मार्गदर्शन



डॉ तृप्ति सिंह द्वारा मार्गदर्शन

सिद्धांत 4 विद्यालय नेतृत्वकर्ता, स्टाफ के प्रोत्साहन, दक्षता एवं शिक्षकों के कार्यशैली को सबसे असरदार तरीके से प्रभावित करते हुए अप्रत्यक्ष रूप से शिक्षण और अधिगम को बेहतर बनाते हैं।

विद्यालय नेतृत्व : शाला आधारित परिणामों पर प्रभाव

भूमिका

विद्यालय केवल एक भौतिक संरचना नहीं, बल्कि विचार, संस्कार और भविष्य निर्माण की जीवंत प्रयोगशाला होता है। इस प्रयोगशाला की दिशा और गुणवत्ता का निर्धारण विद्यालय नेतृत्व करता है। विद्यालय प्रमुख का दृष्टिकोण, व्यवहार और निर्णय प्रक्रिया ही यह तय करती है कि विद्यालय एक औपचारिक संस्थान बनकर रह जाएगा या एक प्रेरक शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित होगा। शाला आधारित परिणाम,जैसे शिक्षकों की कार्यनिष्ठा, विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता, अनुशासन, नवाचार और

समाज का विश्वास,किसी एक गतिविधि का परिणाम नहीं होते, बल्कि नेतृत्व द्वारा निर्मित वातावरण का प्रतिफल होते हैं। यह रिपोर्ट इसी तथ्य को मौलिक दृष्टि से प्रस्तुत करती है।

नेतृत्व जब व्यवहार में दिखे -

जब नेतृत्व व्यवहार में दिखने लगता है तब नेतृत्व के छोटे-छोटे निर्णय विद्यालय संस्कृति को प्रभावित करते हैं, और ये प्रभाव अंततः शाला आधारित परिणामों के रूप में दिखाई देते हैं।

विद्यालय नेतृत्व : एक व्यवहारिक अवधारणा -

विद्यालय नेतृत्व का वास्तविक स्वरूप आदेश देने में नहीं, बल्कि सहभागिता निभाने में दिखाई देता है। प्रभावी विद्यालय प्रमुख वह होता है जो स्वयं को सबसे आगे नहींए बल्कि सभी के साथ खड़ा पाता है। ऐसा नेतृत्व, शिक्षकों की क्षमताओं को पहचानता है, उनकी सीमाओं को समझता है और उन्हें निरंतर बेहतर बनने के लिए प्रेरित करता है।

विद्यालय नेतृत्व के मूल सिद्धांत -

प्रेरणा आधारित नेतृत्व -

जब विद्यालय प्रमुख का व्यवहार सकारात्मक और विश्वासपूर्ण होता है, तब शिक्षक अपने कार्य को केवल दायित्व नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व मानने लगते हैं। यह प्रेरणा कक्षा तक सीमित न रहकर पूरे विद्यालय वातावरण में फैलती है।

सहभागिता की संस्कृति -

निर्णयों में शिक्षकों की सहभागिता उन्हें केवल कार्यकर्ता नहीं, बल्कि भागीदार बनाती है। इससे निर्णयों का क्रियान्वयन सहज और प्रभावी होता है।

मानवीय दृष्टिकोण -

हर शिक्षक अलग क्षमता और परिस्थिति के साथ विद्यालय में कार्य करता है। नेतृत्व की सफलता इसी में है कि वह इन भिन्नताओं को स्वीकार कर संतुलित दायित्व वितरण करे।

स्पष्ट दृष्टि और दिशा -

जब नेतृत्व के पास स्पष्ट दृष्टि होती है, तब विद्यालय का प्रत्येक प्रयास एक दिशा में केंद्रित होता है। इससे संसाधनों, समय और ऊर्जा का सार्थक उपयोग संभव होता है।

नेतृत्व की व्यवहारिक रणनीतियाँ -

1. **स्टाफ प्रोत्साहन की संस्कृति -** सरल शब्दों में कही गई प्रशंसा, समय पर दिया गया विश्वास और किए गए कार्य की स्वीकृति–ये सभी शिक्षक के मनोबल को सशक्त करते हैं। इससे उनमें नवाचार करने का साहस विकसित होता है।
2. **क्षमता आधारित दायित्व निर्धारण -** जब शिक्षक अपनी दक्षता के अनुरूप कार्य करते हैं, तब कार्य बोझ नहीं लगता। इसका सीधा प्रभाव कार्य गुणवत्ता और समयबद्धता पर पड़ता है।

3. **सहयोग और सुरक्षा का वातावरण -** कठिन परिस्थितियों में नेतृत्व का साथ देना शिक्षकों में यह विश्वास पैदा करता है कि विद्यालय एक सुरक्षित कार्यस्थल है। यह भावना टीम भावना को मजबूत करती है।
4. **निरंतर क्षमता विकास -** आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण, शैक्षणिक संवाद और अनुभव साझा करने के अवसर शिक्षकों को स्थिर नहीं रहने देते। वे सीखते हैं, प्रयोग करते हैं और आगे बढ़ते हैं।
5. **विद्यालय से बाहर संवाद -** अन्य विद्यालयों, संकुलों और शैक्षणिक मंचों से जुड़ाव विद्यालय को नई सोच और नए प्रयोगों से जोड़ता है। इससे विद्यालय की सीमाएँ विस्तृत होती हैं।

शाला आधारित परिणाम : प्रत्यक्ष प्रभाव

इन नेतृत्वात्मक प्रयासों के परिणामस्वरूप विद्यालय में निम्न परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं:–

शिक्षकों में आत्मविश्वास और पेशेवर संतुष्टि का विकास।

विद्यार्थियों के सीखने के स्तर और सहभागिता में वृद्धि।

विद्यालय में अनुशासन के साथ-साथ संवेदनशीलता का वातावरण।

नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों का स्वाभाविक प्रयोग।

अभिभावकों और समाज का विद्यालय पर बढ़ता भरोसा।

समय-सीमा एवं सतत मूल्यांकन

यह स्पष्ट है कि विद्यालय नेतृत्व शाला आधारित परिणामों का आधार स्तंभ है। जब नेतृत्व मानवीय, प्रेरक और सहभागी होता हैए तब विद्यालय केवल पाठ्यक्रम पूरा करने का स्थान नहीं रहताए बल्कि सीखने और विकसित होने की संस्कृति का केंद्र बन जाता है। प्रभावी नेतृत्व से ही विद्यालय का वास्तविक उद्देश्य साकार होता है। विद्यालय नेतृत्वकर्ता प्रत्यक्ष रूप से कक्षा में पढ़ाने की भूमिका में नहीं होते, लेकिन विद्यालय में होने वाली हर शैक्षणिक गतिविधि पर उनकी सोच और निर्णयों की छाया अवश्य होती है। नेतृत्वकर्ता की दक्षता सबसे पहले आत्ममूल्यांकन से प्रारंभ होती है। जब नेतृत्वकर्ता अपने कार्य, निर्णय और व्यवहार का ईमानदारी से मूल्यांकन करता हैए तभी वह यह समझ पाता है कि उसकी भूमिका शिक्षकों और विद्यार्थियों को किस दिशा में ले जा रही है। यह आत्मचिंतन शिक्षकों के लिए भी एक उदाहरण बनता है और वे अपने शिक्षण कार्य को सुधारने के लिए प्रेरित होते हैं। विद्यालय नेतृत्वकर्ता जब आत्ममूल्यांकन के आधार पर अपनी कमियों और शक्तियों को पहचानता है, तब वह विद्यालय की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार कार्य करने लगता है। शिक्षकों की भूमिकाओं को स्पष्ट करना और उनकी क्षमता के अनुरूप दायित्व सौंपना इसी प्रक्रिया का परिणाम होता है। इससे शिक्षकों की कार्यशैली में अनुशासन और उद्देश्य दोनों आते हैं, जिसका प्रभाव सीधे कक्षा में शिक्षण की गुणवत्ता पर पड़ता है। नेतृत्वकर्ता का एक महत्वपूर्ण कार्य यह भी है कि वह शैक्षणिक परिणामों और विद्यार्थियों की सीखने की स्थिति के आधार पर योजनाएँ बनाए। जब योजनाएँ वास्तविक डेटा और बच्चों की आवश्यकताओं पर आधारित होती हैं, तब शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि अधिगम स्तर सुधारने के लिए प्रयासरत रहते हैं। इस

प्रकार नेतृत्व की योजना शिक्षकों के शिक्षण दृष्टिकोण को दिशा देती है। कार्य आवंटन के समय शिक्षकों की रुचि, योग्यता और उपलब्धता का ध्यान रखना भी नेतृत्वकर्ता की दक्षता को दर्शाता है। जब शिक्षक यह अनुभव करते हैं कि उन्हें समझा गया है और उन पर भरोसा किया गया हैए तो वे अपने कार्य को केवल औपचारिक दायित्व नहींए बल्कि जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करते हैं। यही भाव उनके शिक्षण में समर्पण और प्रभावशीलता लाता है। विद्यालय नेतृत्वकर्ता द्वारा विद्यार्थियों को केंद्र में रखकर लिया गया प्रत्येक निर्णय शिक्षकों की कार्यशैली को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जब नेतृत्व यह स्पष्ट करता है कि विद्यालय का केंद्र बिंदु बच्चे हैं, तो शिक्षक भी अपने शिक्षण तरीकों में बदलाव करते हैं और बच्चों की सीखने की कठिनाइयों को समझने का प्रयास करते हैं। इससे अधिगम अधिक अर्थपूर्ण बनता है। ICT और नवाचार को प्रोत्साहित करना भी नेतृत्वकर्ता की दक्षता का परिचायक है। जब नेतृत्व तकनीक को केवल दिखावे का साधन नहीं, बल्कि शिक्षण को सरल और प्रभावी बनाने का माध्यम मानता हैए तो शिक्षक भी प्रयोग और नवाचार के लिए आगे आते हैं। इससे कक्षा में शिक्षण जीवंत होता है और विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ती है। निगरानी और मॉनिटरिंग की शैली शिक्षकों की कार्यशैली को गहराई से प्रभावित करती है। जब नेतृत्वकर्ता निगरानी को नियंत्रण नहीं, बल्कि मार्गदर्शन का साधन बनाता है, तब शिक्षक भयमुक्त होकर अपने शिक्षण में सुधार करते हैं। वे नई विधियों को अपनाने का साहस करते हैं, जिससे शिक्षण, अधिगम की प्रक्रिया मजबूत होती है। विद्यालय में सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण का निर्माण भी नेतृत्वकर्ता की अप्रत्यक्ष भूमिका को दर्शाता है। आपदा प्रबंधन योजना, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और POCSO Act के प्रति जागरूकता जब नेतृत्व की प्राथमिकता बनती है, तब शिक्षक और विद्यार्थी दोनों सुरक्षित महसूस करते हैं। सुरक्षा का यह भाव शिक्षण, अधिगम को निर्बाध और प्रभावी बनाता है। अंततः यह स्पष्ट होता है कि विद्यालय नेतृत्वकर्ता की दक्षता शिक्षकों की कार्यशैली को आकार देती है। वही कार्यशैली कक्षा के भीतर शिक्षण की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को निर्धारित करती है। इस प्रकार विद्यालय नेतृत्वकर्ता बिना सीधे कक्षा में पढ़ाए भी, सबसे असरदार तरीके से शिक्षण, अधिगम को बेहतर बनाते हैं।





सिद्धांत 5. जब विद्यालय नेतृत्व व्यापक रूप से वितरित होता है, तो वह विद्यालयों और छात्रों पर अत्यधिक प्रभाव डालता है।

वितरित नेतृत्वकर्ता का व्यवहारिक दृष्टिकोण विद्यालय में यह समझ विकसित करता है कि नेतृत्व किसी एक पद या व्यक्ति तक सीमित नहीं है। हर शिक्षकए हर छात्र और हर अभिभावक तथा समिति सदस्यों का दायित्व नेतृत्व का ही एक रूप है। जब जिम्मेदारियाँ स्पष्ट रूप से बाँटी जाती हैंए तो निर्णय केवल आदेश नहीं रह जाते, बल्कि सामूहिक सहमति से आगे बढ़ते हैं।

क्रियान्वयन -

शैक्षणिक, अनुशासन, सह-शैक्षणिक, सुरक्षा और सामुदायिक कार्यों हेतु समितियों का गठन तथा उनके कार्य विभाजन कर प्रत्येक समिति को स्पष्ट उद्देश्य और कार्यसीमा देना जिससे जवाबदेही तय होती है।

परिणाम

निर्णय प्रक्रिया में सहभागिता बढ़ती है। साथ ही विद्यालय में "यह मेरा काम नहीं" जैसी सोच कम होती है।

शिक्षकों की क्षमता पहचानकर नेतृत्व भूमिका देना

हर शिक्षक में नेतृत्व क्षमता समान नहीं होतीए पर कुछ न कुछ विशेषता अवश्य होती है। किसी को अकादमिक योजना में दक्षता होती हैए किसी को विद्यार्थियों से संवाद मेंए तो किसी को तकनीकी कार्य में।

क्रियान्वयन

शिक्षकों की रुचि और क्षमता के आधार पर दायित्व सौंपना

केवल कार्य नहींए निर्णय लेने की सीमित स्वतंत्रता भी देना

परिणाम

शिक्षक स्वयं को विद्यालय से जुड़ा हुआ महसूस करने लगे

कार्य निष्पादन में गुणवत्ता और समयबद्धता आई

निर्णय प्रक्रिया को साझा बनाना

जब निर्णय ऊपर से थोपे जाते हैं, तो उनका पालन औपचारिक होता है। लेकिन जब निर्णय चर्चा से निकलते हैंए तो जिम्मेदारी भी साझा होती है।

क्रियान्वयन

शैक्षणिक सुधार, समय-सारणी, गतिविधियों पर सामूहिक चर्चा सुझावों को लिखित रूप में दर्ज करना और उन पर कार्य करना।

परिणाम

शिक्षकों में असंतोष में कमी होगी निर्णयों के क्रियान्वयन में सहयोग बढ़ेगा।

कक्षा स्तर तक नेतृत्व पहुँचाना

वितरित नेतृत्व तभी प्रभावी होता है जब वह कक्षा तक पहुँचे। कक्षा में शिक्षक को स्वतंत्रता और भरोसा दिया जाता है कि वह विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार शिक्षण रणनीति अपनाए।

क्रियान्वयन

शिक्षकों को शिक्षण विधि में प्रयोग की अनुमति अनुभव साझा करने के अवसर देना

परिणाम

शिक्षण में नवाचार बढ़ेगा। विद्यार्थियों की सहभागिता में वृद्धि होगी निगरानी को नियंत्रण नहींए सहयोग बनाना वितरित नेतृत्व का अर्थ यह नहीं कि निगरानी समाप्त हो जाए। निगरानी बनी रहती हैए पर उसका स्वर सहयोगी होता है।

क्रियान्वयन

समिति प्रमुखों द्वारा कार्य की समीक्षा समस्या आने पर सामूहिक समाधान

परिणाम

शिक्षक भयमुक्त होकर कार्य करने लगे कार्यों में निरंतर सुधार दिखाई दिया

सफलता और असफलता की साझा जिम्मेदारी

जब नेतृत्व वितरित होता हैए तो सफलता का श्रेय भी साझा होता है और असफलता की जिम्मेदारी भी।

क्रियान्वयन

अच्छे कार्यों की सामूहिक सराहना तथा कमियों पर व्यक्तिगत आरोप की जगहए सुधार के लिए समूह चर्चा

परिणाम

आपसी विश्वास बढ़ेगा विद्यालय संस्कृति अधिक सकारात्मक बनेगी कक्षा और विद्यालय पर समग्र प्रभाव प्रभाव पड़ेगा। शिक्षक केवल निर्देश पालनकर्ता नहीं, बल्कि सहभागी बनेगे। विद्यालय का वातावरण अधिक जीवंत और जिम्मेदार होगा। शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में स्थायित्व और गुणवत्ता आएगी विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सीखने की रुचि बढ़ेगी जब विद्यालय नेतृत्व एक व्यक्ति के हाथों में सिमटा रहता हैए तब उसकी सीमाएँ भी उतनी ही होती हैं। लेकिन जब वही नेतृत्व व्यापक रूप से वितरित होता हैए तो वह विद्यालय की दीवारों से निकलकर कक्षाओंए शिक्षकों और विद्यार्थियों तक पहुँच जाता है। यही कारण है कि वितरित नेतृत्व विद्यालयों और कक्षाओं दोनों पर गहरा और स्थायी प्रभाव डालता है।





विशेषज्ञ समूह में चर्चा करते हुये

सिद्धांत 6 वितरण के प्रतिमान दूसरे प्रति मानव की तुलना में ज्यादा प्रभावित होते हैं

सिद्धांत 9 आंकड़ों के आधार पर लिए गए निर्णय द्वारा विद्यालयों के परिणाम में सुधार लाना

परिणाम - ड्रॉप आउट दर को कम करना



डॉ. महेश जैन

कक्षा 6, 9 एवं 11 में प्रवेश की समीक्षा, संकुल स्तर पर अधीनस्थ संस्थानों में अध्यनरत छात्र संख्या केंद्रित सभी प्राध्यापकों की बैठकों का आयोजन करना, कक्षा 5, 8 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की जानकारी एवं TC छात्रों को न देकर संकुल स्तर पर दिया जाना, MIS प्रभारीयो की उनके जिले की यू डाइस पर छात्र संख्या आधारित बैठक, सभी छात्रों का निचली कक्षा से प्राप्त TC के आधार पर आगामी कक्षा में प्रवेश, TC प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की जानकारी सुरक्षित रखना, TC वाले विद्यार्थियों के आगामी प्रवेश संबंधी जानकारी हेतु शिक्षकों के मध्य कार्य विभाजन, जानकारी प्राप्त करने के उपरांत उन्हें ड्रॉप आउट बॉक्स में जाने से बचाना, माइग्रेशन करने वाले परिवारों की पहचान करना, सीमावर्ती जिले में माइग्रेशन वाले परिवार के बच्चों

को हॉस्टल निर्माण कर प्रवेश देना ,प्रवेश की अंतिम तिथि के 15 दिन बाद ड्रॉपबॉक्स की समीक्षा करना,TC ले चुके ,अन्यत्र प्रवेश न लेने वाले बच्चों को ओपन स्कूलिंग हेतु प्रेरित करना ,फॉर्म भरना एवं उनका नाम ड्रॉप बॉक्स से हटाना ,दो या दो से अधिक वर्ष में अनुत्तीर्ण बच्चों को ओपन बोर्ड के माध्यम से शिक्षा जारी रखना ,अनुत्तीर्ण बच्चों का व्यवसायिक विषय लेकर विद्यालय में प्रवेश दिलाना ,अन्य राज्य में पढ़ रहे एवं ड्रॉप बॉक्स में दिख रहे बच्चों के नाम विलोपित करना

सिद्धांत 7 नेतृत्व की कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तिगत विशेषताएँ विद्यालय की समग्र कार्यप्रणाली को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं।

विद्यालय का नेतृत्व केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि एक जीवंत व्यवहार प्रक्रिया है, जिसका प्रभाव विद्यालय के वातावरण, शिक्षक-छात्र संबंधों, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा समुदाय के विश्वास पर स्पष्ट रूप से पड़ता है। नेतृत्व की कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तिगत विशेषताएँ विद्यालय की समग्र कार्यप्रणाली को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं।

नेतृत्व आधारित प्रमुख रणनीतियाँ (Key Strategies)

सकारात्मक एवं सहभागितापूर्ण वातावरण निर्माण रणनीति:

विद्यालय में संवाद आधारित संस्कृति को बढ़ावा देना शिक्षक, छात्र एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना भयमुक्त, सम्मानजनक एवं विश्वासपूर्ण वातावरण विकसित करना व्यवहारिक पहल: नियमित स्टाफ संवाद बैठकें विद्यार्थियों की समस्याओं को खुलकर सुनने की व्यवस्था अभिभावक संवाद एवं सहभागिता कार्यक्रम।

समस्या समाधान एवं निर्णयात्मक नेतृत्व रणनीति:

समस्याओं को टालने के बजाय उनके मूल कारणों की पहचान सामूहिक विमर्श के माध्यम से समाधान

त्वरित एवं न्यायसंगत निर्णय प्रक्रिया व्यवहारिक पहल शिक्षकों की सहभागिता और उनके द्वारा समाधान प्रस्ताव के साथ ही विद्यार्थियों से फीडबैक के द्वारा विद्यालय-स्तरीय समाधान मॉडल विकसित करना।

शिक्षक सशक्तिकरण एवं व्यावसायिक विकास रणनीति:

शिक्षकों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने हेतु अवसर उपलब्ध कराना। इसके साथ ही नवाचार एवं प्रयोग को प्रोत्साहन सहयोगात्मक कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देकर बदलाव लाना। व्यवहारिक पहल ICT आधारित शिक्षण प्रयोग नवाचार साझा मंच सहकर्मी शिक्षण (Peer Learning)

अनुशासन एवं मूल्यों का संतुलित विकास रणनीति:

दंडात्मक नहीं, बल्कि समझ आधारित अनुशासन नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारी का विकास सकारात्मक व्यवहार को पहचान और प्रोत्साहन व्यवहारिक पहल का सामूहिक निर्माण प्रेरणात्मक उदाहरणों के लिए पहले खुद करके दिखाना जैसी संस्कृति को बढ़ावा देना छात्र नेतृत्व मंच की स्थापना करना

समुदाय एवं समाज से जुड़ाव रणनीति:

विद्यालय को समाज से जोड़ना सामुदायिक संसाधनों का उपयोग सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना व्यवहारिक पहल स्वच्छता, पर्यावरण एवं जागरूकता कार्यक्रम स्थानीय सहयोग एवं सहभागिता विद्यालय को सामाजिक केंद्र के रूप में विकसित करना।

प्राप्त प्रमुख आउट कम्स (Key Outcomes)

शैक्षणिक परिणामों में सुधार

विद्यार्थियों की सीखने में रुचि बढ़ सकती है। कक्षा सहभागिता एवं उपस्थिति में वृद्धि होगी सीखने के परिणाम अधिक प्रभावी होगी।

सकारात्मक विद्यालय वातावरण

भयमुक्त एवं सहयोगात्मक वातावरण का निर्माण जिसकी सहायता से छात्रों और शिक्षकों में उत्साह पूर्वक कार्य करने की संस्कृति का निर्माण हो सकता है। परिणामस्वरूप शिक्षक-छात्र संबंधों में विश्वासएअनुशासन और स्व-नियंत्रण संस्कृति का निर्माण किया जा सकता है।

शिक्षक प्रतिबद्धता एवं नवाचार

शिक्षकों में आत्मविश्वास बढ़ेगा।साथ ही शिक्षण में रचनात्मकता, नवाचार, टीम भावना एवं नेतृत्व साझेदारी विकसित होगी।

विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास

आत्म-अनुशासन एवं आत्मविश्वास नेतृत्व एवं संप्रेषण कौशल सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास

समुदाय का विश्वास एवं सहभागिता

अभिभावकों का विद्यालय पर विश्वास बढ़ा, विद्यालय की सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि तथा समुदाय-विद्यालय साझेदारी मजबूत हुई। यह स्पष्ट है कि जब नेतृत्व व्यवहार, संवेदनशीलता और दृष्टि से संचालित होता है, तब उसका प्रभाव केवल प्रशासन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह विद्यालय की संस्कृति, परिणाम और भविष्य को आकार देता है। प्रस्तुत रणनीतियाँ यह सिद्ध करती हैं कि सकारात्मक नेतृत्व > सकारात्मक वातावरण > सार्थक शैक्षिक परिणाम की श्रृंखला ही प्रभावी विद्यालय की पहचान है।

सभी ग्रुप के प्रजेन्टेशन के पश्चात् तृतीय दिवस की रूपरेखा डॉ. चारू स्मिता मलिक आसिस्टेंट प्रोफेसर NIEPA-NCSL द्वारा बतायी गयी इस प्रकार द्वितीय दिवस की कार्यशाला संपन्न हुई।



राजस्थान SLA द्वारा प्रस्तुतीकरण



मध्यप्रदेश SLA द्वारा प्रस्तुतीकरण



हरियाणा SLA द्वारा प्रस्तुतीकरण



मध्यप्रदेश विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतीकरण



उत्तरप्रदेश SLA द्वारा प्रस्तुतीकरण



मध्यप्रदेश विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतीकरण



मध्यप्रदेश विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतीकरण



मध्यप्रदेश विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतीकरण

तृतीय दिवस
दिनांक 31.12.2025
दिन बुधवार

डॉ. चारू स्मिता मलिक द्वारा NIEPA-NCSL के स्कूल लीडरशिप अकेडमी पोर्टल की जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि अभी तक 31 स्कूल लीडरशिप अकेडमी बन चुकी है तथा नेशनल लेवल एवं राज्य स्तर पर स्कूल लीडरशिप अकेडमी दिल्ली में है,इस तरह से कुल 32 स्कूल लीडरशिप अकेडमी का निर्माण हो गया है , अंडमान निकोबार और पंजाब की स्कूल लीडरशिप अकेडमी सबसे नई है। मध्य प्रदेश ,हरियाणा राजस्थान को अपने पोर्टल अपडेट करने के लिए कंटेंट भेजने के तरीकों को बताया। नेशनल लीडरशिप अकेडमी के पोर्टल पर material and content development, continuous professional development and capacity development programme ,networking and institutional building, networking and institutional building research and development, Wabinars, live streaming , special lectures को अपलोड करने के तरीकों को समझाया। इसके पश्चात् "हर बच्चा सीखे, हर विद्यालय उत्कृष्ट हो" विषय पर तृतीय दिवस की कार्यशाला में प्रशासनिक प्रतिवेदन (Prashasnik Prativedan) प्रस्तुत किया गया जिसमें निम्न बिन्दुओं को फोकस किया गया।



डॉ. चारू स्मिता मलिक

1.Leadership Coaching And Mentoring(A) Coaching Conversation(B)Maintain Framework (C)Conflict Resolution And Change Management
2. Monitoring Evolution And Impact Measurement
(A) Training Effectiveness
(B)Pre Post Assessment Tools
(C)Field Follow Up Mechanism And
3. Gender Responsive Educational
4.Communication And Academic Writing
(A) Presentation Skill
(B)Official Communication
(C) Noting
5.Self Leadership And Faculty Well Being (A) Time And Stress
(B) Energy Management
(C) Faculty Training Module Development
6.CPT Workshop
7. Impact School Adoption Initiative
8.Life Skill Workshop
9. Impact And Outcomes
10.Training On Digital Resources And Artificial Intelligence





परिशिष्ट-1

हर बच्चा सीखे, हर विद्यालय उत्कृष्ट हो

राज्य/केंद्र शासित प्रदेश 2025-2030 हेतु विद्यालय नेतृत्व विकास के लिए परिप्रेक्ष्य योजना

चरण 1 - राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में विद्यालय शिक्षा प्रणाली की स्थिति का विश्लेषण						
क. विद्यालय आधारित पदाधिकारियों, शैक्षणिक प्रशासकों एवं अकादमिक संकाय सदस्यों की संख्या का आकलन (अंकों में)						
क्षेत्र/विषय-वस्तु	परीक्षण/जांच हेतु सुझाए गए प्रश्न	2025-2026	2026-2027	2027-2028	2028-2029	2029-2030
क. राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में प्रधानाध्यापक / विद्यालयों एवं विद्यालय प्रमुखों की स्थिति का आकलन	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में कितने विद्यालय हैं? (प्रबंधन एवं स्तर के अनुसार) इसमें प्रबंधनवार विद्यालय -पूर्व, प्राथमिक, माध्यमिक या संयुक्त विद्यालय शामिल होने चाहिए।					
	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में विद्यालयों के विभिन्न स्तरों के अनुसार क्या विद्यालय प्रमुख का पद निर्धारित है? (स्तर अनुरूप विश्लेषण- प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक/ संयुक्त) नोट: उपरोक्त' नामित पद 'पर कार्यरत विद्यालय प्रमुख, कार्यरत वरिष्ठतम शिक्षक से भिन्न है।					
	कितने विद्यालयों में विद्यालय प्रमुख नामित पद एवं गैर-नामित पद पर कार्य कर रहे है? (जिले के अनुसार /स्तर के अनुसार/विद्यालय के अनुसार) नोट: यह विश्लेषण रिक्तियों की स्थिति भी दिखाएगा					

	आगामी वर्षों में प्रति वर्ष कितने विद्यालय प्रमुखों को नियुक्त किया जाना हैं?					
	कोई अन्य सूचना...					
ख. जिला एवं उप-जिला स्तरों पर शैक्षणिक प्रशासकों/ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान)डाइट (एवं अकादमिक विशेषज्ञों के संवर्ग की स्थिति	जिला एवं उप-जिला इकाइयों की संख्या					
	जिला प्रशासकों की संख्या एवं विभिन्न पदनाम जैसे: डीईओ, डीपीओ, डीपीआई आदि (विभिन्न स्तरों की विद्यालयी शिक्षा के लिए जिला अनुसार)					
	राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों (जिले के अनुसार) में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान) डाइट (एवं उनमें संकाय सदस्यों की संख्या) भरे हुए एवं रिक्त पद(					
	मंडल/ब्लॉक प्रशासकों की संख्या एवं पदनाम (राज्य/केंद्र शासित प्रदेश विनिर्देश के अनुसार)) भरे हुए एवं रिक्त पद(					
	मंडल/ब्लॉक अकादमिक विशेषज्ञों जैसे बीआरपी, बीआरसी आदि की संख्या एवं पदनाम (राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के विनिर्देशों के अनुसार): भरे हुए एवं रिक्त पद					
	स्कूल क्लस्टर की संख्या, पदनाम जैसे सीआरपी, सीएचटी आदि एवं संरचना					
	स्कूल कॉम्पलेक्स की संरचना एवं संख्या (कार्यान्वयन के अनुसार)					
	कोई अन्य सूचना...					
ग. विद्यालय नेतृत्व अकादमी हेतु राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर नेतृत्व की भूमिका में संकाय सदस्य एवं राज्य विशेषज्ञ समूह	एससीईआरटी/एसआईईमैट/एसएलए से संबंधित विद्यालय नेतृत्व विकास हेतु संकाय सदस्यों एवं एसआरपी (राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से तैयार) की वर्तमान संख्या एवं पदनाम					

क. नेतृत्व विकास एवं विद्यालयी शिक्षा प्रक्रियाओं में सुधार के संबंध में राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के विशिष्ट संदर्भों की पहचान करना एवं विद्यालय नेतृत्वकर्ताओं, शैक्षणिक प्रशासकों एवं अकादमिक संवर्ग की आवश्यकताओं का आकलन करना

क्षेत्र/विषय-वस्तु	जांच हेतु सुझाए गए प्रश्न	2025-2026	2026-2027	2027-2028	2028-2029	2029-2030
1. विद्यालयी शिक्षा प्रक्रियाओं तक भौतिक एवं	भौगोलिक-स्थलाकृतिक परिस्थितियाँ, सामाजिक-आर्थिक एवं सांस्कृतिक कारक, विशिष्ट जनजातियाँ/ संस्कृतियाँ, प्रवासी					

सामाजिक पहुँच को प्रभावित करने वाले राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के विशिष्ट-संदर्भों की पहचान करना	आबादी, विशिष्ट परम्पराएं, कोई अन्य महत्वपूर्ण पैमाना					
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, विद्यालय नेतृत्व पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2015 (संशोधित किया जाना है) एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2022 (आगामी) के संदर्भ में शिक्षा प्रणाली में उभर रहे नए विषयों की पहचान करना	बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, शिक्षार्थी-केंद्रित शिक्षाशास्त्र, सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा, कौशल-आधारित एवं व्यावसायिक शिक्षा, योग्यता-आधारित शिक्षा, अधिगम प्रतिफल, डिजिटल शिक्षाशास्त्र, स्कूल कॉमप्लक्स, विद्यार्थी मूल्यांकन में नवाचार, विद्यालय कर्मियों का व्यावसायिक विकास, कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ……					
3. विद्यालयों के विभिन्न स्तरों पर कार्यरत विद्यालय प्रमुखों की आवश्यकता-विश्लेषण/आवश्यकता-मूल्यांकन	विद्यालय नेतृत्वकर्ताओं को अपने विद्यालय की प्रगति एवं परिवर्तन के लिए ज्ञान, कौशल एवं दृष्टिकोण के रूप में क्या चाहिए?					
	सतत व्यावसायिक विकास) सीपीडी(के कौन-से तरीके एवं विषय, विद्यालय नेतृत्वकर्ताओं को उनके विद्यालय के रूपांतरण में मददगार हो सकते हैं?					
	सतत व्यावसायिक विकास के कौन-से तरीके एवं विषय, शिक्षक नेतृत्वकर्ताओं को उनके विद्यालय के रूपांतरण में मददगार हो सकते हैं?					
	विद्यालयी शिक्षण प्रक्रियाओं, विद्यार्थी अधिगम एवं कल्याण में सुधार के लिए किस प्रकार के सहयोग की आवश्यकता है?					
	विशिष्ट मुद्दों जैसे कि विभिन्न क्षमता वाले विद्यार्थियों (विशेष रूप से CWSN) की अधिगम आवश्यकताओं, भाषाई विविधता, प्रवासी विद्यार्थियों के शिक्षण के लिए किस प्रकार के अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता है? कोई अन्य……					

व्यवस्थास्तरीय पदाधिकारियों से अपेक्षित समर्थन	एससीईआरटी एवं डाइट से विद्यालय के नेतृत्वकर्ताओं को किस तरह के समर्थन की अपेक्षा हैं?					
	जिला एवं उप-जिला स्तर के शैक्षणिक प्रशासकों से विद्यालय नेतृत्वकर्ताओं को किस तरह के समर्थन की उम्मीद है?					
4. जिला एवं उप-जिला स्तरों पर शैक्षणिक प्रशासकों की आवश्यकता-विश्लेषण/आवश्यकता-मूल्यांकन	शैक्षणिक प्रशासकों को व्यावसायिक रूप से तैयार होने एवं विद्यालय सुधार में योगदान देने के लिए किस प्रकार के ज्ञान, कौशल एवं दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी ?					
5. जिला एवं उप-जिला स्तर पर डाइट एवं अकादमिक विशेषज्ञों की आवश्यकता-विश्लेषण / आवश्यकता-मूल्यांकन	अकादमिक संवर्ग को व्यावसायिक रूप से तैयार होने एवं विद्यालय सुधार में योगदान देने के लिए किस प्रकार के ज्ञान, कौशल एवं दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी?					
6 .राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में एसएलडीपी की योजना एवं कार्यान्वयन हेतु संकाय एवं एसआरपी-एल की आवश्यकता विश्लेषण/आवश्यकता मूल्यांकन	अकादमिक संवर्ग को व्यावसायिक रूप से तैयार होने एवं विद्यालय सुधार में योगदान देने के लिए किस प्रकार के ज्ञान, कौशल एवं दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी?					

चरण 2 - राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों में विद्यालय नेतृत्व विकास हेतु एक विज़न विकसित करना (चरण 1 पर आधारित)

आयोजित बैठकें	शामिल हितधारक	2025-2027 के लिए विजन स्टेटमेंट	2027-2030 के लिए विजन स्टेटमेंट) पहले वाले की तुलना में संशोधित)

चरण 3 - विशिष्ट संदर्भों, विषयों एवं आवश्यकताओं के आकलन का मानचित्रण (चरण 1 पर आधारित)

	हस्तक्षेप के लिए उभरते क्षेत्र				
	2025-2026)विषय सामग्री निर्माण एवं सीपीडी हेतु विषय-वस्तु का चिन्हीकरण(	2026-2027 (विषय सामग्री निर्माण एवं सीपीडी हेतु विषय-वस्तु का चिन्हीकरण)	2027-2028 (विषय सामग्री निर्माण एवं सीपीडी हेतु विषय-वस्तु का चिन्हीकरण)	2028-2029 (विषय सामग्री निर्माण एवं सीपीडी हेतु विषय-वस्तु का चिन्हीकरण)	2029-2030 (विषय सामग्री निर्माण एवं सीपीडी हेतु विषय-वस्तु का चिन्हीकरण)
विद्यालय नेतृत्वकर्ता					
शिक्षक नेतृत्वकर्ता					
जिला एवं उप-जिला स्तर के शैक्षणिक प्रशासक					
जिला एवं उप-जिला स्तर के डाइट एवं अकादमिक विशेषज्ञ					
एसएलए संकाय / एससीईआरटी / सीमैट					

चरण 4 - विद्यालय नेतृत्व विकास के लिए योजना एवं कार्यान्वयन

क. अंतर वस्तु' कंटेन्ट' एवं विषय सामग्री विकास

राष्ट्रीय स्तर - एन.सी.एस.एल. ने विद्यालय नेतृत्व विकास पर पाठ्यचर्या की रूपरेखा एवं विषय सामग्री निर्मित की है। ये राष्ट्रीय स्तर पर सामग्री के व्यापक संग्रह के रूप में कार्य करते हैं। आगामी वर्षों में केंद्र अन्य विषय वस्तुओं पर भी सामग्री निर्मित करेगा।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा एवं सामग्री (वर्तमान में उपलब्ध)	2025-2026 (आगामी)	2026-2027	2027-2028	2028-2029
विद्यालय नेतृत्व विकास पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (2015)	विद्यालय नेतृत्व एवं प्रबंधन पर ऑनलाइन कार्यक्रम (इंटरमीडिएट स्तर)	2025-2026 में विद्यालय नेतृत्व विकास पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा को संशोधित किया जाएगा	शिक्षक नेतृत्व पर हस्तपुस्तिका	विद्यालय सुधार के लिए सामुदायिक नेतृत्व
विद्यालय नेतृत्व विकास पर 16-दिवसीय हस्तपुस्तिका	सरकारी विद्यालयों में अधिगम हेतु शिक्षाशास्त्रीय नेतृत्व	कौशल आधारित शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए नेतृत्व	जनजातीय क्षेत्रों में स्थापित विद्यालय का नेतृत्व	

विद्यालय नेतृत्वकर्ताओं के सतत व्यावसायिक विकास पर एक स्व-निर्देशात्मक पैकेज (14 मॉड्यूल)	विद्यार्थी अधिगम हेतु विद्यालय नेतृत्व	समता, विविधता एवं समावेशन के लिए नेतृत्व	विद्यालय नेतृत्व एवं प्रबंधन पर ऑनलाइन कार्यक्रम (एडवांस्ड स्तर)	
विद्यालयों में अधिगम हेतु शिक्षाशास्त्रीय नेतृत्व	नवोदय विद्यालय समिति के सहयोग से विद्यालय नेतृत्व पर मॉड्यूल	विद्यालय नेतृत्व एवं प्रबंधन पर दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा (ऑनलाइन)		
निष्ठा कोर्स	कोविड 19 के दौरान उत्कृष्ट नेतृत्व प्रक्रियाएं	लैंगिक समानता हेतु नेतृत्व		
विद्यालय नेतृत्व एवं प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स				
विद्यालय नेतृत्व एवं प्रबंधन पर ऑनलाइन कार्यक्रम (बेसिक)				
शैक्षणिक प्रशासकों का नेतृत्व विकास				
	व्यवस्थास्तरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा- आगामी (2025-2026)			
	शैक्षणिक प्रशासकों के लिए विद्यालय नेतृत्व एवं प्रबंधन पर ऑनलाइन कार्यक्रम (बेसिक स्तर)			

राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर विद्यालय नेतृत्व अकादमी की भूमिका (चरण 2 एवं चरण 3 पर आधारित)

विद्यालय नेतृत्व अकादमी से विभिन्न प्रारूपों में संदर्भ-विशिष्ट विषय सामग्री विकसित करने की अपेक्षा की जाती है जिसका उपयोग स्व-निर्देशन अथवा विविध संदर्भों एवं कार्यक्रमों में प्रयोग किया जा सकता है।

विकसित की जाने वाली अंतर वस्तु एवं विषय सामग्री के प्रकार	2025-2026		2026-2027		2027-2028	
	विषय	प्रत्येक संवर्गों)प्रशासनिक एवं अकादमिक(के अनुसार अनुकूलित	विषय	प्रत्येक संवर्गों)प्रशासनिक एवं अकादमिक(के अनुसार अनुकूलित	विषय	प्रत्येक संवर्गों)प्रशासनिक एवं अकादमिक(के अनुसार अनुकूलित
कथ्य-आधारित सामग्री/मॉड्यूल जिनका उपयोग आमने-सामने/ऑनलाइन/मिश्रित प्लेटफॉर्मस पर किया जा सकता है						

तथ्य आधारित विद्यालयी प्रक्रियाओं एवं प्रतिफलों पर वीडियो डॉक्युमेंट्रीज़ का निर्माण						
केस स्टडी/केसलेट						
काल्पनिक अभ्यास/अनुकरण						
वेबिनार/लाइव स्ट्रीमिंग/डिजिटल सामग्री						
शारीरिक खेल-कूद/ऊर्जावर्धक गतिविधियाँ						
डिजिटल गेमिंग						
एनिमेशन/फिल्में						
ऐप्स का निर्माण						
कोई अन्य...						

नोट: विद्यालय नेतृत्व अकादमियाँ किसी भी विषय विशिष्ट सामग्री को तैयार करते समय समग्र रूपरेखा के रूप में विद्यालय नेतृत्व विकास (2015) पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा को ही केंद्र में रखेंगी। एक बार तैयार हो जाने पर, इन शिक्षण सामग्रियों को क्षमता विकास कार्यक्रम निर्मित करने के लिए एन.सी.एस.एल. की विषय सामग्री के साथ अनुकूलित किया जा सकता है या विद्यालय नेतृत्व विकास के लिए स्व-निर्देशात्मक पैकेज के रूप में विद्यालय नेतृत्वकर्ताओं के समूह को प्रस्तुत किया जा सकता है (कार्यशालाओं के दौरान स्व-निर्देशित अधिगम या सहयोगात्मक अधिगम हेतु)

क. सतत व्यावसायिक विकास

राष्ट्रीय स्तर

एन.सी.एस.एल. में उपलब्ध सतत व्यावसायिक विकास के अवसर	**2025-2026**	**2026-2027**	**2027-2028**	**2028-2029**	**2029-2030**
सम्मेलन, संगोष्ठी, वेबिनार, विद्यालय नेतृत्वकर्ताओं के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम (आमने-सामने/ऑनलाइन/मिश्रित), शैक्षणिक प्रशासकों के नेतृत्व विकास के लिए कार्यक्रम, एस.एल.ए. संकाय, कोर समूह एवं राज्य विशेषज्ञों हेतु कार्यक्रम					

राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर

विद्यालय शिक्षा पदाधिकारियों का संवर्ग	**सतत व्यावसायिक विकास के अवसर एवं क्षमता विकास कार्यक्रम**	**2025-2026**	**2026-2027**	**2027-2028**	**2028-2029**	**2029-2030**
विद्यालय नेतृत्वकर्ताओं, विद्यालय प्रमुखों के संवर्ग के लिए विद्यालय नेतृत्व विकास	आमने-सामने एवं ऑनलाइन विद्यालय नेतृत्व विकास कार्यक्रम- 16 दिवसीय हस्तपुस्तिका, एसएलएम पर एक महीने का सर्टिफिकेट कार्यक्रम, शिक्षाशास्त्रीय नेतृत्व, एसएलएम पर ऑनलाइन कार्यक्रम (बेसिक एवं इंटरमीडिएट), स्व-निर्देशात्मक मॉड्यूल पर पैकेज					
	आमने-सामने, अनुकूलित/विषयगत क्षमता विकास कार्यक्रम - जो विद्यालय नेतृत्व					

	अकादमियों द्वारा राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र के परामर्श से विकसित किए जाएंगे । क्षमता विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र एवं विद्यालय नेतृत्व अकादमी द्वारा सहयोगात्मक रूप से विकसित सामग्री के आधार पर बनाए जाएंगे (चरण 4 पर आधारित)					
जिला एवं उप-जिला स्तर पर शैक्षणिक प्रशासकों का नेतृत्व विकास	2025-2026 में राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र द्वारा बनाई जा रही पाठ्यचर्या की रूपरेखा एवं कार्यक्रम; विद्यालय नेतृत्व अकादमी निर्माण, अनुवाद एवं संदर्भीकरण में सहायता करेगी					
राज्य, जिला एवं उप-जिला स्तरों पर अकादमिक संवर्ग का नेतृत्व विकास का नेतृत्व विकास	2025-2026 तक शिक्षक शिक्षकों के लिए नेतृत्व कार्यक्रम का विकास; विद्यालय नेतृत्व अकादमी निर्माण, अनुवाद एवं संदर्भीकरण में सहायता करेगी					
	विद्यालय नेतृत्व अकादमी) SLA (के यू-ट्यूब चैनल पर प्रसारित किए गए सीधा प्रसाण					
	विद्यालय नेतृत्व अकादमी) SLA (के यू ट्यूब चैनल पर प्रसारित किए गए वेबिनार					
	विद्यालय नेतृत्व अकादमी) SLA (के यू ट्यूब चैनल पर प्रसारित किए गए विशेष व्याख्यान					
	राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र एवं विद्यालय नेतृत्व अकादमी द्वारा विकसित विषय सामग्री (चरण 4 देखें)					
	कोई अन्य अभिनव मॉडल.....सी.पी.डी. के लिए...					

नोट :सतत व्यावसायिक विकास गतिविधियों को संरचित करते समय राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र-नीपा के विद्यालय नेतृत्व विकास पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा को केंद्र में रखना होगा। इसमें विद्यालय नेतृत्व विकास की वर्गीकरण पद्धति)टैक्सोनॉमी(का भी ध्यान रखना होगा ,जो कि ncsl.neipa.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

क. नेटवर्किंग एवं संस्थागत विकास

राष्ट्रीय स्तर

राष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्किंग एवं संस्थागत विकास	**2025-2026**	**2026-2027**	**2027-2028**	**2028-2029**	**2029-2030**
विभिन्न एन.सी.एस.एल. गतिविधियों पर संबंधित मंत्रालयों (एमओई, एमओटीए आदि) एवं राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों /					

विश्वविद्यालयों, जैसे -एनसीईआरटी, एनवीएस, केवीएस, सीबीएसई के साथ नेटवर्किंग						
राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर						
		2025-2026	**2026-2027**	**2027-2028**	**2028-2029**	**2029-2030**
वेबिनार/विशेष व्याख्यान आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर के संगठनों के साथ नेटवर्किंग						
अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में विद्यालय नेतृत्व अकादमी के साथ नेटवर्किंग						
जिलों एवं उप-जिला स्तर पर नेटवर्किंग						
विद्यालयों के साथ नेटवर्किंग						
पिछले वर्षों एवं आगामी वर्षों में राज्य संसाधन समूहों के डेटाबेस का निर्माण						
पिछले वर्षों एवं आगामी वर्षों में विभिन्न सीपीडी गतिविधियों को पूरा करने वाले विद्यालय नेतृत्वकर्ताओं के डेटाबेस का निर्माण						
क. शोध एवं विकास						
राष्ट्रीय स्तर						
	शोध अध्ययन	**2025-2026**	**2026-2027**	**2027-2028**	**2028-2029**	**2029-2030**
एन.सी.एस.एल. का नेतृत्व	चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के विविध संदर्भों में नेतृत्व पर शोध	निष्ठा कार्यक्रम पर अध्ययन				
एन.सी.एस.एल. -एसएलए का नेतृत्व (29 एसएलए)		29 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में एसएलडीपी के आकलन पर राष्ट्रीय अध्ययन				
राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर						
	शोध अध्ययन	**2025-2026**	**2026-2027**	**2027-2028**	**2028-2029**	**2029-2030**
विद्यालय नेतृत्व अकादमी के द्वारा नेतृत्व प्रक्रियाओं पर किया जाने वाला शोध						
विद्यालय नेतृत्व पर किसी अन्य सरकारी विभाग/संस्थान/विश्वविद्यालय के लिए विद्यालय नेतृत्व अकादमी द्वारा किया जाने वाला शोध						
राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में विद्यालयी शिक्षा पर कोई अन्य शोध						
विद्यालय नेतृत्व अकादमी परिप्रेक्ष्य योजना (प्रतिवर्ष(						
कोई अन्य प्रासंगिक शोध... ..						

क. राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश की शिक्षा नीति में विद्यालय नेतृत्व विकास का पक्ष समर्थन)एडवोकेसी(एवं समायोजन

राष्ट्रीय स्तर

पक्ष समर्थन	2025-2026	2026-2027	2027-2028	2028-2029	2029-2030
संबंधित मंत्रालयों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में योगदान					
राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र की रिपोर्ट- एमओई एवं संस्थानों/विश्वविद्यालयों के साथ साझा करना					
एन.सी.एस.एल. गतिविधियों का दस्तावेजीकरण					
लीडरशिप ब्रीफ़ राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संगोष्ठियों/सम्मेलनों में भागीदारी एवं पक्ष समर्थन					

राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर

	2025-2026	2026-2027	2027-2028	2028-2029	2029-2030
विद्यालय नेतृत्व अकादमी- लीडरशिप ब्रीफ़					
केस स्टडी					
विद्यालय नेतृत्व अकादमी कार्यशाला रिपोर्ट					
विद्यालय नेतृत्व अकादमी द्वि-वार्षिक/वार्षिक रिपोर्ट					

चरण 5 - ज़मीनी स्तर पर प्रक्रियाओं एवं प्रभावों के आकलन का दस्तावेजीकरण

दस्तावेज़ीकरण के प्रकार

	2025-2026	2026-2027	2027-2028	2028-2029	2029-2030
मॉडल 1 - राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में एसएलडीपी कार्यक्रमों की प्रासंगिकता का आकलन एवं दस्तावेजीकरण (कार्यशालाओं एवं अन्य तरीकों के माध्यम से)					
मॉडल 2 - विद्यालय के नेतृत्वकर्ताओं एवं अन्य संवर्गों की प्रक्रियाओं का दस्तावेजीकरण (दस्तावेजीकरण कैसे करें? पर विभिन्न क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में सत्र आयोजित करना)					

मॉडल 3 - विद्यालय नेतृत्व अकादमी द्वारा एसएलडीपी कार्यक्रम पर रिपोर्ट या वीडियो फिल्म के रूप में दस्तावेजीकरण करना - कार्यान्वयन मॉडल, प्रक्रिया-दस्तावेज, घटनाएं/वीडियो इत्यादि।					
कोई अन्य मॉडल					
विद्यालय स्तर पर प्रभाव एवं आकलन					
विद्यालय नेतृत्वकर्ताओं की नेतृत्व प्रक्रियाओं में क्या बदलाव आए हैं? आत्म-विकास के सभी क्षेत्रों में, अधिकार के बिना प्रभाव का प्रयोग करना, सहयोगी प्रक्रियाओं का नेतृत्व करना, विद्यार्थी को केंद्र में रखना, एक लोकतांत्रिक, समतामूलक एवं समावेशी विद्यालय संस्कृति विकसित करना, अधिगम संगठन के रूप में विद्यालय, दल निर्माण, सामुदायिक जुड़ाव को सशक्त बनाना, शिक्षक एवं विद्यार्थी के अंदर नेतृत्व क्षमता विकसित करना, विद्यार्थी अधिगम एवं रोजगार क्षमता					
विद्यालय की प्रक्रियाओं में क्या बदलाव आए हैं? सभी क्षेत्रों में शिक्षक व्यावसायिक विकास, लक्ष्य-उन्मुख संकाय सदस्यों की बैठक आयोजित करना, सहभागीता आधारित निर्णयन, अग्रणी शिक्षाशास्त्रीय प्रक्रियाएं, नवाचार, भागीदारी एवं विद्यालय प्रशासन एवं वित्तीय प्रबंधन के अभिनव मॉडल					
विद्यार्थी दक्षता में क्या बदलाव आए हैं? आधारभूत कौशल, पूरे विद्यालय में ज्ञान एवं कौशल अधिग्रहण, दृष्टिकोण, सामाजिक-भावनात्मक गुण, स्वास्थ्य एवं कल्याण, जीवन कौशल एवं रोजगार योग्यता आधारित दक्षताएं (विद्यालय-पूर्व से माध्यमिक तक शिक्षा के सभी स्तरों में)					
कोई अन्य...					

CC BY NC ND

एन.एल.एस.सी., एन.ए.पी.ई.आई. 2025 द्वारा निर्मित

मध्यप्रदेश स्कूल लीडरशिप अकेडमी का प्रस्तुतिकरण



श्री उसमान खान सलाहकार सीमेट, नोडल अधिकारी SLA मध्यप्रदेश एवं श्रीमती सुचि झा सहायक नोडल अधिकारी SLA द्वारा मध्यप्रदेश स्कूल लीडरशिप अकेडमी की विगत वर्ष की उपलब्धियों तथा आने वाले वर्ष की कार्य योजनाओं को प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं म प्र स्कूल लीडरशिप के लिए यह गर्व का विषय है कि NIEPA, NCSL Regional Review and Planning Workshop को आयोजित करने का अवसर दिया मध्य प्रदेश स्कूल लीडरशिप अकेडमी लीडरशिप के क्षेत्र में काफी अच्छा काम कर रहा है और इस वर्कशॉप को आयोजित करने का अवसर देने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। सीमेट की स्थापना एक पृथक विंग के रूप में मध्यप्रदेश कैबिनेट के निर्णय एवं मध्यप्रदेश शासन के आदेश से 31 दिसंबर 2021 को हुई। मध्य प्रदेश शासन ने NIEPA, NCSL के सलाह से मध्य प्रदेश सीमेट को स्कूल लीडरशिप अकेडमी 2023 में घोषित किया वर्तमान SIEMAT/SLA ऑफिस बोर्ड परिसर मे सांदीपनि विद्यालय बिल्डिंग में दूसरी मंजिल पर संचालित है। वर्तमान में संचालक के अतिरिक्त 2 सहायक निदेशक, 2 योजना अधिकारी, 6 संकाय सदस्य तथा आउटसोर्स स्टाफ (परामर्शदाता, लेखाकार, कंप्यूटर ऑपरेटर, परिचारक आदि) कार्यरत हैं।

श्री उसमान खान

सीमेट के कार्य



श्रीमती सुचि झा

1.स्कूल हेड और मिडल मैनेजर की कैपेसिटी बिल्डिंग के लिए प्रशिक्षण प्रोग्राम कराए जाते हैं ।

2.हमारे द्वारा कई प्रशिक्षण प्रोग्राम कराए जाते हैं इसीलिए कई इंस्टिट्यूट के सहयोग की आवश्यकता होती है जैसे IASE, डाइट, एनसीईआरटी, ट्राइबल डिपार्टमेंट। यह हमारे एजुकेशनल पार्टनर है इन संस्थाओं से सहयोग का दो तरफ संबंध है।

3.रिसर्च प्रोग्राम में मुख्य है 2023-24 में आईआईएम इंदौर, आईआईएम अहमदाबाद, APU बैगलूरू में स्कूल लीडर्स की जो प्रशिक्षण कराई गई उसके प्रभाव का अध्ययन करना। पीरामल, पीपल्स के साथ में रिसर्च वर्क की आउटलाइन तैयार की जा चुकी है

4 सीमेट प्रशिक्षण, सेमिनार, वेबीनार, वर्कशॉप माड्यूल एंड कंटेंट डेवलपमेंट का कार्य करता हैं इसलिए नेशनल एवं ग्लोबल एजेंसी के साथ नेटवर्किंग रखता हैं जैसे NIEPA- NCSL ,IIM,APU, other SIEMAT।बदलते परिवेश

के अनुसार लीडरशिप ,मैनेजमेंट, एजुकेशन फील्ड में जो भी नए विचार आइडिया, इनोवेशन, टेक्नोलॉजी आए हैं उनको स्टेट की जरूरत के अनुसार अपना कर क्रियान्वित करते हैं।

Modular content development

NEP 2020 केलक्ष्यों को प्राप्त करने एवं एवं स्टूडेंट के अकादमिक लेवल को बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश स्कूल लीडरशिप एकेडमी माड्यूल एंड कंटेंट डेवलपमेंट का काम भी करती है अभी हाल ही में BEO/BRC/CAC/BAC के लिए माड्यूल का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त मिडिल स्कूल के प्रधान पठकों एवं हाई स्कूल तथा हाईसेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्यों को संस्था में वित्तिय एवं लेखा से संबंधित होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए एक SOP का निमार्ण कराया गया है।

Education planning and management

जैसा कि नाम से पता चलता है सीमेट Education planning and management करते हैं यही हमारे संस्थान का मुख्य कार्य है।

Madhya Pradesh school leadership academy की स्थापना 2015 -16 में राज्य शिक्षा केंद्र के अंतर्गत हुई थी। NIEPA- NCSL की अध्यक्षता में राज्य शिक्षा केंद्र के 20 और लोक शिक्षण संचनालय के 24 प्रति भागियों का लीडरशिप आधारित ओरिएंटेशन किया गया। 2016-17 में 199 DRG को लीडरशिप प्रशिक्षण दी गई। इन DRG ने राज्य के 8 आकांक्षी जिला के 2000 हेड मास्टर को प्रशिक्षण दी। 2017-2018 में NIEPA-NCSL के निर्देशन में यूनिसेफ के सहयोग से मध्य प्रदेश कोरग्रुप ने हेड मास्टर की लीडरशिप एवं दक्षता संवर्धन करने के लिए दो मॉड्यूल बनाएं

1. प्रधानाध्यापक क्षमता विकास प्रशिक्षण प्रशिक्षण मॉड्यूल
2. प्रधानाध्यापक क्षमता विकास प्रशिक्षण प्रशिक्षण प्रतिभागियों के लिये मॉड्यूल।
   इन मॉड्यूल के आधार पर 2018-19 में 3093 हेडमास्टर को प्रशिक्षण दी गई।
3. 2018-19 में 7800 हेडमास्टर को NIEPA- NCSL ऑनलाईन प्रशिक्षण प्रोग्राम के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया।
4. 2019-20 में NIEPA- NCSL के सहयोग से दी गई लीडरशिप प्रशिक्षण के उपरांत हेड मास्टर और टीचर्स ने अपनी संस्था में जो अभूतपूर्व परिवर्तन लाए उनको सफलता की कहानी के रूप में संग्रहित करने का प्रयास किया ।सफलता की कहानी को 11 मॉडल के रूप में संग्रहित किया गया जो NIEPA-NCSL के पोर्टल पर उपलब्ध है
5. NIEPA- NCSL के निर्देशन में A Flip Book With 32 Success Stories बनाई गई ।

NIEPA- NCSL के साथ वर्कशॉप

मध्य प्रदेश स्कूल लीडरशिप अकेडमी और उसके कोरग्रुप NIEPA- NCSL तथा सीमेट के सदस्यों की दो दिवसीय वर्कशाप का आयोजन सीमेट डायरेक्टर आदरणीय प्रमोद सिंह सर की अध्यक्षता में किया गया NIEPA- NCSL पोर्टल, मध्यप्रदेश स्कूल लीडरशिप पोर्टल के कंटेंट, स्टडी मैटेरियल के बारे में जानकारी प्रदान की NIEPA के Curriculum Framework पर और NIEPA द्वारा हेड मास्टर की लीडरशिप बिल्डिंग पर बनाए जा रहे 14 मॉड्यूल के बारे में बताया।

Module Translation

NIEPA NCSL की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर चारु मलिक ने हेडमास्टर लीडरशिप पर आधारित 14 मॉड्यूल को अंग्रेजी से हिंदी में ट्रांसलेट करने के लिए मीटिंग की म प्र SLA को इन मॉड्यूल को हिंदी में ट्रांसलेट करने का कार्य सौंपा। NIEPA- NCSL के 14 मॉड्यूल जिनका ट्रांसलेशन मध्य प्रदेश स्कूल लीडरशिप एकेडमी ने किया वह निम्नलिखित है -

मॉड्यूल 1 सतत् व्यवसायिक विकास हेतु लीडरशिप पाठ पैकेज का परिचय

मॉड्यूल 2 स्कूल में सुधार के लिए परिवर्तनकारी लीडरशिप भारत में स्कूल के प्रधानाचार्य की भूमिका को पुन परिभाषित करना

मॉड्यूल 3 सीखने और विकास के लिए क्या आधार के रूप में विद्यालय

मॉड्यूल 4 स्कूल के रूपांतरण हेतु मार्गदर्शक सिद्धांत क्षमता न्याय अवधारणा के तौर पर

मॉड्यूल 5 स्कूल रूपांतरण हेतु मार्गदर्शन सिद्धांत क्षमता एक उपकरण के तौर पर

मॉड्यूल 6 समानुभूति स्कूल लीडर्स के व्यवसायिक विकास के लिए एक जरूरी कौशल

मॉड्यूल 7 समालोचनात्मक चिंतन के लिए शिक्षा

मॉड्यूल 8 दिव्यांग बच्चों के संदर्भ में राष्ट्रीय स्तर की समावेशी शिक्षा नीतियों

मॉड्यूल 9 मैं समावेशी कक्षा का निर्माण कैसे करूं

मॉड्यूल 10 विद्यालय शिक्षा में शैक्षणिक उत्कृष्ट के लिए प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी की स्थापना एवं रखरखाव

मॉड्यूल 11 शिक्षा का व्यवसाय कारण रोजगार पर कौशलों के लिए अग्रणी शि क्षण

मॉड्यूल 12 टीम निर्माण और नेतृत्व टीम के सदस्यों के बीच व्यावसायिक संवाद

मॉड्यूल 13 स्कूल में सुधार हेतु हितधारकों के साथ साझेदारी

मॉड्यूल 14 स्कूल आधारित बदलाव के लिए अगली पीढ़ी की लीडरशिप तैयार करना

डाईट प्रिंसिपल की प्रशिक्षण असेसमेंट के लिए वर्कशॉप

डाईट प्रिंसिपल की प्रशिक्षण असेसमेंट के लिए वर्कशॉप का आयोजन जून 2023 में किया गया। राज्य में 48 जिलों में डाइट प्रिंसिपल की नीड बेस्ड प्रशिक्षण हेतु मॉड्यूल डेवलपमेंट के लिए होटल अशोका लेक व्यू भोपाल में वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें सीमेट SLA के सदस्य और कोरग्रुप के सदस्यों ने भाग लिया।

National review and planning workshop for school leadership academy NIEPA- NCSL New Delhi

यह कार्यशाला दिनांक 26 जुलाई से 28 जुलाई 2023 को आयोजित की गई जिसमें मध्यप्रदेश SLA ने सहभागिता की मध्यप्रदेश SLA को इस वर्कशॉप में सर्टिफिकेट ऑफ़ एक्सीलेंस प्राप्त हुआ।

NATIONAL WORKSHOP ON RESEARCH STUDY ON GOOD GOVERNANCE IN SCHOOL EDUCATION : PROSPECTS AND INNOVATIVE

इस कार्यशाला में मध्यप्रदेश की SLA टीम ने सहभागिता की।

NATIONAL REVIEW AND PLANNING WORKSHOP

इस कार्यशाला का आयोजन 29 जनवरी से 31 जनवरी 2025 में नई दिल्ली में आयोजित की गई जिसमें मध्य प्रदेश स्कूल लीडरशिप ने भाग लिया और इस वर्कशॉप में भी मध्य प्रदेश स्कूल लीडरशिप एकेडमी को सर्टिफिकेट आफ एक्सीलेंस मिला।

WORKSHOP ON RESEARCH POLICY PLANNING FOR IMPROVING SCHOOL FUNCTIONING AND QUALITY OF EDUCATION SPECIAL FOCUS ON ASPIRATIONAL DISTRICT

इस कार्यशाला का आयोजन 27 से 31 अक्टूबर 2025 में नई दिल्ली में किया गया। मध्यप्रदेश स्कूल लीडरशिप अकेडमी ने इसमें भाग लिया ।

Survey on good governance in MP by NIEPA

भारत सरकार ने NIEPA- NCSL को देश के 8 राज्यों में शिक्षा के क्षेत्र में गुड गवर्नेंस के अध्ययन का कार्य सौंपा यह आठ राज्य थे असम, बिहार, गुजरात, जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, मिजोरम एवं तमिलनाडु। मध्यप्रदेश के तीन जिले श्योपुर, भोपाल, बैतूल, को पीजीआई के सर्वे में क्रमंश: पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इन जिले को क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरा स्थान प्राप्त होने के कारणों का अध्ययन करना, साथ ही राज्य, जिला एवं ब्लॉक लेवल पर गुड गवर्नेंस पर स्टडी करने के लिए NIEPA- NCSL से श्रीमती तृप्ति सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर ने मध्य प्रदेश में इन जिलों का भ्रमण किया।

म.प्र. PSC से चयनित सहायक संचालक शिक्षा विभाग का प्रशिक्षण

मध्य प्रदेश पीएससी से चयनित सहायक संचालकों की एक महीने की रेजिडेंशियल इंडक्शन प्रशिक्षण को सीमेट द्वारा आयोजित किया गया इसमें सैद्धांतिक और प्रैक्टिकल आधारित सेशन लिए गए| मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा विभाग के अधिकारी और विशेषज्ञों ने शिक्षा विभागों के विभिन्न कार्यालयों के कार्यों, स्थापना, वित्त, प्रबंधन, योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की। सहायक संचालकों को जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय ऑफिस और संस्थाओं का भ्रमण कराया गया जिससे वे कार्यालय की गतिविधियों और कार्यों के बारे में जान सके उन्हें IASE, DIET, DPI, RSK, DEO Office, JD office, राज्य ओपन बोर्ड, पतंजलि संस्थाओं का भ्रमण कराया गया मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 2019 के प्रथम बैच के 45 एवं 2020-21 में द्वितीय बैच में 43 सहायक संचालकों को इंडक्शन प्रशिक्षण दी गई।

INTERNATIONAL EDUCATION EXPOSURE VISIT SINGAPORE

मध्यप्रदेश सीमेट को सिंगापुर में International Education Exposure Visit को आयोजित करने का अवसर भी मिला इस एक्सपोजर विजिट की ओपन सेरेमनी में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वर्चुअल जोड़कर अपना संदेश प्रतिभागियों को दिया। साथ ही शिक्षा विभाग के मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग के सेक्रेटरी आदरणीय श्री संजय गोयल सर, राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक आदरणीय श्री हरजिंदर सिंह सर, एपीडी मैडम आदरणीय श्रीमती मनीषा सैंतिया एवं उप सचिव मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग, संचालक सीमेट एवं संचालक सांदीपनि स्कूल प्रकोष्ठ आदरणीय श्री प्रमोद सिंह उपस्थित रहे। आदरणीय सेक्रेटरी एवं एजुकेशन मिनिस्टर ने झंडा लहरा कर बस को एयरपोर्ट के लिए रवाना किया। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य 21st सेंचुरी टीचिंग एंड लर्निंग स्किल इन

क्लासरूम को समझाना था। यह विजिट दो बैच में आयोजित किया गया जिसके पहले बैच में 68 प्रतिभागी थे एवं दूसरे बैच में 50 प्रतिभागी थे इस तरह कुल 118 प्रतिभागियों को सिंगापुर भेजा गया। सिंगापुर विजिट का मुख्य उद्देश्य अपने दृष्टिकोण और सांस्कृतिक जागरूकता का विस्तार करना था, वैश्विक रूझान को समझना, क्लासरूम टीचिंग को रियल वर्ल्ड के साथ में जोड़ना और अनुभवात्मक अधिगम को समझना था। सिंगापुर को ही एक्सपोजर विजिट के लिए चुने जाने के पीछे मुख्य वजह थी कि हमारे देश के सांस्कृतिक और सामाजिक समानता का होना, सिंगापुर एक एजुकेशन हब है और जिसकी एक विशेष पहचान है। प्रतिभागियों के सिंगापुर विजिट के बाद भोपाल में फीडबैक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसकी समीक्षा आदरणीय सचिव श्री संजय गोयल सर एवं आयुक्त लोक शिक्षण आदरणीय श्रीमती शिल्पा गुप्ता मैडम ने की। फीडबैक से प्राप्त सुझावों के आधार पर मध्य प्रदेश में इनको लागू करने के लिए एक्शन प्लान बनाया गया, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में बेस्ट प्रेक्टिस को शामिल करना, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना, स्टूडेंट इंगेजमेंट में सुधार करना और टीचर के लिए CPD प्रोग्राम को क्रियान्वित करना।

INTERNATIONAL DELEGATION VISIT

म.प्र SLA ko International Delegation की मेजबानी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। NIEPA- NCSL द्वारा संचालित international diploma in educational planning and administration (IDEPA) के तहत मध्यप्रदेश के राज्य स्तरीय संस्थानों और कार्यालयों में चल रहे एक्टिविटीज और इनिशिएटिव के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए 13 देश के 27 डेलिगेट ने म.प्र SLA में विजिट किया।

LEADERSHIP TRAINING

राज्य के लगभग 75000 हेड मास्टर को NIEPA- NCSL के 14 मॉडल के आधार पर लीडरशिप प्रशिक्षण स्टार प्रोजेक्ट के अंतर्गत दी गई है हेड मास्टर को प्रशिक्षित करने के लिए पहले प्रत्येक जिले के 10 DRG को राज्य स्तर पर लीडरशिप प्रशिक्षण दी गई, इस तरह चार बैच में 52 जिले के 491 DRG प्रशिक्षित किए गए। प्रशिक्षित DRG द्वारा अपने अपने जिलों के हेड मास्टर को जिले स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान की गई। NIEPA- NCSL के इन 14 मॉडल पर आधारित लीडरशिप प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश की 10 संभागों में 73222 हेडमास्टर को प्रशिक्षित किया गया जो कि अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है।

TRAINING IN INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT

ये यह हमारा सबसे रोचक और सबसे गौरव पूर्ण कार्यक्रम है। भारत सरकार ने स्टार प्रोजेक्ट के अंतर्गत मध्य प्रदेश के हेड मास्टर और प्रिंसिपल में लीडरशिप क्वालिटी डेवलप करने के लिए एक सप्ताह की रेसिडेंसियल प्रशिक्षण देश के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थान या मैनेजमेंट संस्थानों में करने की योजना बनाई। आईआईएम इंदौर, आईं आई एम अहमदाबाद, आईआईएम लखनऊ ,आईआईएम रायपुर , टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंस मुंबई ,अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी बैंगलोर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान हमारे प्रशिक्षण पार्टनर है। यहां मध्य प्रदेश के प्राइमरी हेडमास्टर, मिडिल स्कूल हेडमास्टर एंड हाई सेकेंडरी स्कूल एंड हाई स्कूल के प्रिंसिपल को उच्च गुणवत्ता की प्रशिक्षण प्रदान की गई।

1. आईआईएम इंदौर में स्टार प्रोजेक्ट के अंतर्गत 8 बैच में 380 पीएम श्री स्कूल और अन्य स्कूलों के प्रिंसिपलों के लिए पांच दिवसीय लीडरशिप एंड कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

2. आईआईएम इंदौर में डीपीआई के प्रशिक्षण प्रोग्राम में तीन बैच में पीएम श्री के 107 प्रिंसिपल को लीडरशिप एवं कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण दी गई।
3. Tata Institute Of Social Science, Mumbai में पीएम श्री स्कूल एवं अन्य स्कूलों के प्रिंसिपलों की पांच दिवसीय लीडरशिप एवं कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कराई गई जिसमें दो बैच में 121 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।
4. आईआईएम रायपुर में मिडिल स्कूल के हेड मास्टरों की दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण आयोजित की गई जिसके चार बैच में 128 हेड मास्टर को ट्रेंड किया गया।
5. आईआईएम लखनऊ में मिडिल स्कूल के हेड मास्टर की लीडरशिप प्रशिक्षण आयोजित की गई एक बैच में 43 हेड मास्टर को प्रशिक्षित किया गया।
6. आईआईएम अहमदाबाद में तीन बैचों में मिडिल स्कूल के हेड मास्टरों की लीडरशिप प्रशिक्षण कराई गई जिसमें तीन बैच में 120 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया ।
7. अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी बेंगलुरु में प्राइमरी स्कूल के हेड मास्टर की 6 दिवसीय लीडरशिप प्रशिक्षण कराई गई जिसमें 213 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।

TRAINING CONTENT

1. Role And And Responsibility Of Headmaster And Principal
2. Leadership For Innovative Practice In School
3. Leadership Style
4. Team Building
5. Self Management
6. Time Management
7. Stress Management
8. Conflict Management
9. Negotiation
10. Humen Resource Management In School Education
11. Effective Communication
12. Stakeholder Communication
13. Budgeting For Public Education
14. Finance Management Portal
15. Improving Academic Climate Diversity And Inclusivity
16. Use Of ICT In A Leadership

TRIBAL WELFARE DEPARTMENT

मध्य प्रदेश सीमेट एवं स्कूल लीडरशिप अकेडमी, जनजातीय कार्य विभाग के साथ भी काम करता है ट्राइबल डिपार्टमेंट के सांदीपनी स्कूल के हेड मास्टर के लीडरशिप ट्रेंनिंग भोपाल में मध्य प्रदेश सीमेट द्वारा आयोजित की गई जिसमें प्रथम बैच में 40 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। अभी दो बैच की प्रशिक्षण आगामी वर्ष में आयोजित किए जाने की योजना है। ट्राइबल डिपार्टमेंट के सांदीपनि स्कूल एवं सबरी स्कूल के प्रिंसिपलों का आईआईएम रायपुर में लीडरशिप प्रशिक्षण कराया गया इसमें दो बैच में 62 प्रिंसिपलों को प्रशिक्षित किया गया।

STATE AND DISTRICT LEADERSHIP CORE GROUP

NIEPA- NCSL के निर्देशों के अनुसार मध्य प्रदेश स्कूल लीडरशिप अकेडमी, ने स्टेट लीडरशिप कोर ग्रुप को बनाए, जिसमें एनसीएल के अधिकारी मध्य प्रदेश स्कूल लीडरशिप के अधिकारी और डिस्ट्रिक्ट लेवल पर डाइट प्रशिक्षण इंचार्ज को इसका सदस्य बनाया गया। स्टेट लीडरशिप कोरग्रुप में कुल 74 सदस्य हैं राज्य और जिला नेतृत्व कोर समूह का गठन NIEPA- NCSL के दिशा निर्देशों के अनुसार विद्यालय नेतृत्व अभ्यास और गतिविधियों के संचालन के लिए किया गया है।

राज्य नेतृत्व कोर समूह के सदस्य: 3 NIEPA- NCSL अधिकारी, 1 नोडल अधिकारी एसएलए, 4 सीमेट अधिकारी, 22 प्राथमिक कोर समूह, 46 डाईट प्रशिक्षण प्रभारी कोरग्रुप के कार्य निम्नलिखित है -

1- मॉड्यूल और सामग्री विकास

2- राष्ट्रीय सम्मेलन और संगोष्ठी के लिए नेतृत्व संबंधी वीडियो और सफलता की कहानियों का संग्रह

3- नेतृत्व संबंधी गतिविधियों को मजबूत करने के लिए मुख्य समूह के साथ बैठक।

4- जिला और ब्लॉक स्तर पर नेतृत्व के प्रभाव का अध्ययन।

इसी तरह डाइट द्वारा जिला लेवल पर कोरग्रुप का निर्माण किया गया। मध्यप्रदेश स्कूल लीडरशिप अकेडमी ने डाइट को नोडल एजेंसी और डिस्ट्रिक्ट लेवल पर लीडरशिप अकेडमी घोषित किया है मध्य प्रदेश स्कूल लीडरशिप के निर्देश के अनुसार डाइट द्वारा डिस्टिक कोरग्रुप बनाएगा उसके सदस्य में निम्नलिखित अधिकारी शामिल है

अध्यक्ष	प्राचार्य डाईट (जिन जिलों में डाईट नहीं है, वहां DPC)
सचिव	प्रशिक्षण प्रभारी डाईट/ APC- Mobilization
पदेन सदस्य	राज्य से लीडरशिप प्रशिक्षण में प्रशिक्षित 10 DRG
सदस्य	1. ADPC - Rashtriya Madhyamik Shiksha Abhiyan (RMSA) 2. APC- Mobilization 3. प्रत्येक विकासखण्ड से 1 BAC एवं 1 CAC (जिन्होंने लीडरशिप आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया हो या प्राप्त किया है।)

LIVE STREAMING PROGRAM

NIEPA NCSL के स्कूल लीडरशिप अकेडमी डेवलपमेंट के लाइव स्ट्रीमिंग प्रोग्राम में मध्य प्रदेश स्कूल लीडरशिप अकेडमी के द्वारा 2024 और 2025 में पांच स्कूल लीडर्स को चयन कर भेजा गया। जिनमें से तीन लीडर्स का एपिसोड टेलीकास्ट हो चुका है। श्रीमती आरती जैन हेड मास्टर शासकीय हाई स्कूल पिपरिया जबलपुर, श्री संतोष जेथे हेड मास्टर शासकीय माध्यमिक शाला शांतिपुर घोड़ा डोंगरी बैतुल, श्री प्रभु दयाल सरवैया प्रिंसिपल पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल सांवेर इंदौर का एपिसोड टेलीकास्ट हो चुका।

CELEBRATING LEADERSHIP

NIEPA - NCSL नई दिल्ली में शासकीय स्कूलों के हेड मास्टर, प्रिंसिपल के अनुकरणीय कार्यों को सेलिब्रेट करने के लिए एक एनुअल कॉन्फ्रेंस का आयोजन 2024-25 में किया जिसमें मध्यप्रदेश स्कूल

लीडरशिप द्वारा एक सक्सेस स्टोरी और एक वीडियो का चयन करके NIEPA - NCSL को भेजा गया जहां स्टोरी का प्रजेंटेशन किया गया मध्यप्रदेश के हेड मास्टर श्री मनमोहन विश्वकर्मा गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल गेहूंखेड़ी राजगढ़ ने Pedagogical leadership for enhancing student learning competency and academic leadership पर अपनी प्रस्तुति दी। श्री सौरभ शर्मा प्रभारी प्रिंसिपल शासकीय मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल बरसा जिला बालाघाट ने leading community partnership for school transformation पर अपनी प्रस्तुति दी।

MOST SIGNIFICANT CHANGES

राज्य के प्रधानाध्यापक, प्रिंसिपल को लीडरशिप आधारित प्रशिक्षण दिए गए, प्रभावी प्रशिक्षण के उपरांत इन हेड मास्टर और प्रिंसिपल ने अपने स्कूलों में एकेडमी, भौतिक और सामाजिक क्षेत्र में परिवर्तन तथा नवाचार करने का प्रयास किया, जिसमें वे सफल भी हुए। इन हेड मास्टर और प्रिंसिपलों के स्कूलों में अभूतपुर्व परिवर्तन को सफलता की कहानी और वीडियो के रूप में राज्य स्तर पर और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में मध्यप्रदेश स्कूल लीडरशिप अकेडमी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मध्यप्रदेश सीमेट ने डाइट को नोडल एजेंसी बनाया है जो डिस्ट्रिक्ट लेवल पर स्कूल लीडरशिप के रूप में काम करती है डाइट द्वारा वर्ष 2024 - 25 में अपने जिलों के प्रत्येक विकासखंड से पांच सफलता की कहानी और तीन वीडियो को संग्रहित कर उनमें से तीन सफलता की कहानी और दो वीडियो को सीमेट को भेजा। सीमेट द्वारा इनका चयन कर NIEPA - NCSL को भेजा जा रहा है। वर्तमान में संभाजी नगर महाराष्ट्र और रांची झारखंड में होने वाले NIEPA - NCSL के रीजनल सेमिनार में मध्यप्रदेश स्कूल लीडरशिप अकेडमी द्वारा तीन-तीन सफलता की कहानियों को भेजा गया है साथ ही NIEPA - NCSL के सेलिब्रेटिंग स्कूल लीडरशिप के एनुअल कॉन्फ्रेंस 2026 के लिए भी एक वीडियो और एक सक्सेस स्टोरी का चयन करके NIEPA - NCSL को भेजा गया है ।

STANDARD OPERATING PROCEDURE

मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव महोदय के निर्देशों के अनुसार माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के हेड मास्टर और प्रिंसिपलों की वित्त संबंधी एवं भंडार क्रय नियम से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए Standard operating procedure का निर्माण किया गया। Standard operating procedure बनाने के लिए Need Analysis किया गया। Need Analysis के लिए मिडिल स्कूल, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल का फील्ड विजिट किया गया। वर्कशॉप और फील्ड विजिट के बाद जो Need Analysis सामने आई उसके आधार पर Standard operating procedure एवं मॉड्यूल को बनाया गया। इन मॉड्यूल पर आने वाले सत्र में हेड मास्टर और प्रिंसिपल को प्रशिक्षित किया जाएगा। ये मॉड्यूल निम्न है -

1. **Budget**
    A. Case Book
    B. Tally
    C. Ledger Book
    D. Cheque Register
    E. Advance Register
    F. Online Payment Method Through Account Transfer Limit

G. Bank Reconciliation
H. Deduction And Deposit Of The GST/TDS
I. Pay Treasury With Drawal
J. Earned Leave
K. Audit

2. Stock Purchasing Rules

A. Quotation Process
B. Tender Process
C. Stock Purchase Rules
D. Stock Registration
E. Consummable
F. Non Consumeable

3. Other

A. Local Conveyance Allowance ,Meeting Workshop, Examination Amount
B. Contingency Amount
C. Transportation Allowance For School Level Material
D. Record Of Cash Book, Ledger ,Stock Registration Register Voucher File
E. Miscellaneous Expenditures
F. Accountant

BEO/BRC/BAC/CAC MODULE DEVELOPMENT

प्रदेश के BEO/BRC/BAC/CAC के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल बनाए गए हैं, ये सभी पदाधिकारी ब्लॉक लेवल पर कार्य करते है, और स्कूल सिस्टम को सीधा प्रभावित करते हैं। इस मॉड्यूल के निर्माण का मुख्य उद्देश्य है, समग्र शिक्षा के अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं की मॉनिटरिंग करने, मॉनिटरिंग टूल डेवलप करना और मॉनिटरिंग को आने वाले समय में अधिक इफेक्टिव बनाने है। गवर्नमेंट की योजना को इंप्लीमेंट करने के लिए NEP 2020 को समझने के लिए, शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले परिवर्तनों से अवगत होने के लिए, शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि करने के लिए, डिजिटल और प्रबंधकीय कौशल को विकसित करने के लिए, जवाबदेही और लीडरशिप क्वालिटी विकसित करने, Need Analysis करके इन 13 विषय पर मॉड्यूल को डेवलप किया गया। इन मॉड्यूल को डेवलप करने में यूनिसेफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है आगामी सत्र में निम्न 13 मॉड्यूल के आधार पर वीडियो BEO/BRC/BAC/CAC की प्रशिक्षण कराई जाएगी

1. Establishment
2. ICT Monitoring
3. NEP2020
4. Leadership
5. Life Skill
6. 21st Century Skills
7. Career Guidance
8. Data Analysis

9. School Safety
10. Climate Change
11. Drop Out
12. Monitoring
13. Finance

Social Media and PMe- Vidhya Channel

वर्तमान समय AI और social media का है। मध्य प्रदेश स्कूल लीडरशिप अकेडमी ने भी अपना सोशल मीडिया Facebook और youtube अकाउंट बनाया है। मध्य प्रदेश स्कूल लीडरशिप अकेडमी ने अपनी प्रशिक्षण एक्टिविटीज और वेबीनार की वीडियो डॉक्यूमेंट्री भी संग्रहित की है। मध्यप्रदेश सीमेट को पीएम ई विद्या चैनल का 112 नंबर अलर्ट किया गया है इस चैनल पर ऐसे कंटेंट डाले जाते हैं। जो टीचर एजुकेटर के लिए लाभदायक होते हैं यह कंटेंट प्रशिक्षण मैनेजमेंट, प्लानिंग से संबंधित होते हैं। 30 से 40 मिनट के वीडियो इसमें अपलोड किए जाते हैं कुछ वीडियो दीक्षा और निष्ठा पोर्टल से भी लिए गए हैं। 17 मार्च 2023 से लगातार वीडियो अपलोड किया जा रहे हैं।

Research

मार्च 2023 से मार्च 2024 तक देश के उच्च संस्थानों जैसे IIM इंदौर, टाटा इस्टीयूट ऑफ़ सोशल साइंस मुंबई, IIMअहमदाबाद , अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी बैंगलोर में लीडरशिप की प्रशिक्षण कराई गई। इन लीडरशिप प्रशिक्षण का क्या प्रभाव हो रहा है, उसपर हमारा रिसर्च वर्क प्रस्तावित है।

पीरामल फाउंडेशन के साथ मध्य प्रदेश शिक्षा प्रणाली में कार्यरत अधिकारियों, शिक्षकों में लीडरशिप आधारित कौशलौ एवं सहानुभूतिपूर्ण नेतृत्व पर सर्वेक्षण किया जा रहा है।

पीपल संस्था के साथ 30 सांदीपनि स्कूल और 30 EPES गैर सांदीपनि विद्यालयों में शैक्षणिक प्रक्रिया का गुणात्मक अध्ययन के कार्यों की रूपरेखा के टूल्स बना लिए गए हैं।

UPCOMING WORK 2026-27

1. DPC/ADPC/DEO/BEO/BRC प्रशिक्षण प्रस्तावित जिसमें
    - 156 DPC/ADPC/DEO
    - 630 BEO/BRC
    - 1896 BAC
    - 6098 CAC प्रस्तावित है।
2. 48 DIET प्रिंसिपल का प्रशिक्षण प्रस्तावित है।
3. NIEPA प्रशिक्षण मॉड्यूल पर 24000 HMs (सेल्फ पेस मोड) के लिए ऑनलाइन लीडरशिप प्रशिक्षण प्रस्तावित है।
4. जनजातीय कार्य विभाग के सांदीपनि विद्यालय के 238 प्रिंसिपलों का प्रशिक्षण प्रस्तावित है।
5. जनजातीय कार्य विभाग के सांदीपनि विद्यालय के 125 हेडमास्टर (कक्षा 1 से 8) का प्रशिक्षण प्रस्तावित है।
6. MPPSC से चुने गए 62 सहायक संचालक के 2022 बैच का इंडक्शन प्रशिक्षण कराया जाना है प्रस्तावित है।

7. जनजातीय कार्य विभाग के प्रिंसिपलों का 5 राज्यों (राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश) में एक्सपोज़र विज़िट प्रस्तावित है।
8. संदीपनी स्कूल के 552 प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल के लिए प्रशिक्षण प्रस्तावित है।
9. IIM अहमदाबाद में 200 असिस्टेंट डायरेक्टर की कैपेसिटी बिल्डिंग और लीडरशिप डेवलपमेंट प्रशिक्षण प्रस्तावित है।
10. 86388 प्रिंसिपल और हेड मास्टर के लिए फाइनेंस मैनेजमेंट और स्टोर परचेज़ रूल्स पर प्रशिक्षण प्रोग्राम प्रस्तावित है।

हरियाणा स्कूल लीडरशिप एकेडमी का प्रस्तुतीकरण

1. श्रीमती सुशीला धनकर सीनियर लेक्चरर स्कूल लीडरशिप एकेडमी हरियाणा ने अपनी प्रस्तुति NIEPA NCSL के प्रपत्र "राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश 2025 - 30 हेतु विद्यालय नेतृत्व विकास के लिए परिपेक्ष योजना" के आंकड़े बता कर की। उन्होंने शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन किए जाने की आवश्यकता को बताया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से संबंधित क्षेत्र की पहचान कर ली गई है, आने वाले समय में लीडरशिप के अंतर्गत पेडागोजी से संबंधित प्रशिक्षण, अनुभवात्मक प्रशिक्षण, competency based learning, financial learning, digital learning का भी प्रशिक्षण कराया जाएगा। इस तरह प्रति वर्ष need analysis की जाती है और उसके आधार पर प्रशिक्षण कराए जाते हैं वर्तमान समय में सबसे अधिक आवश्यकता आईसीटी नॉलेज, लाइफ स्किल, 21st सेंचुरी स्किल पर आधारित प्रशिक्षण की है। इसी तरह NEP 2020 के तहत लर्निंग आउटकम्स को बढ़ाने के लिए भी प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। Competency behaviour ,leadership skill कैसे विकसित हो, विभिन्न portal, app's का उपयोग कैसे करे, इसके लिए भी प्रशिक्षण कराए जाने की आवश्यकता है। Continuous professional development पर भी प्रशिक्षण कराई जाएगी। हरियाणा में लगभग 10 पोर्टल जैसे,HRMS,e -salary,MIS,U -Dise, Gem portal,PFMS, e - governance,NPS,Intra Hariyana portal पर काम हो रहा है जिस पर प्रशिक्षण की आवश्यकता है। इसी तरह कई App जैसे monitoring app, Samiksha App, Awasar App पर प्रशिक्षण की आवश्यकता है। उपरोक्त पर प्रशिक्षण देने के लिए मॉड्यूल तैयार हो चुके हैं और यह सभी मॉड्यूल बुकलेट के फॉर्म में है e-Governance, Good Governance के लिए आईसीटी का नॉलेज और पोर्टल के नॉलेज की आवश्यकता है इसके बिना सक्षम नेतृत्वकर्ता बनना संभव नहीं है। ऑफिसर्स के लिए भी कुछ personal trains को बनाया गया है। जैसे योग ट्रेंड्स, स्ट्रेस मैनेजमेंट, कनफ्लिक्ट मैनेजमेंट। मॉड्यूल डेवलप करने के लिए दो आधार चुने हैं जो की एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग और एक्सपीरियंस बेस्ड लर्निंग पर आधारित है। हरियाणा में



श्रीमती सुशीला धनखड़

बालिका की स्थिति अच्छी नहीं है इसीलिए केस स्टडीज में गर्ल्स एजुकेशन जेंडर एजुकेशन वोकेशनल एजुकेशन जैसे एरियाज को चुना गया है।

राजस्थान स्कूल लीडरशिप एकेडमी का प्रस्तुतीकरण

2. श्री ओमप्रकाश विजय विभागाध्यक्ष सीमेट राजस्थान ने बताया कि सीमेट राजस्थान जयपुर के गोनेर में स्थित है यह 2015-16 में बना उसके तीन विभाग है एडमिनिस्ट्रेटिव, ट्रेनिंग और रिसर्च। राजस्थान सीमेट ने 6000 प्रिंसिपल को ट्रेंड किया 10 दिन की रेजिडेंशियल प्रशिक्षण कराई गई। इस प्रशिक्षण में प्रिंसिपल के साथ में रहने का अच्छे प्रभाव सामने आए। 403 पीएम श्री प्रिंसिपल 300 DEO और 33 डाइट प्रिंसिपल ,60 ADPC को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षित प्रिंसिपलों में से 200 प्रिंसिपलों से केस स्टडी ली गई जिसमें एक दूसरे के साथ रहने पर होने वाले अच्छे प्रभाव को समझ गया। रिसर्च में Impact Analysis Of DEO training ,Impact Study of DPC Training ,Impact Study Of Girls Leadership पर विगत 4 वर्षों से रिसर्च की जा रही है। इस प्रशिक्षण का प्रिंसिपल अपने स्कूल, स्टाफ, बच्चों के साथ में कैसे इंप्लीमेंट कर रहे हैं, गर्ल्स कॉन्फिडेंस और कम्युनिकेशन कैसे बढ़ रहा है, इसका अध्ययन किया जा रहा है। शिक्षा के बढ़ते क्षेत्र में वॉलिंटियर्स को नियुक्त किया गया है जो समाज और स्कूल के मध्य ताल-मेल बिठाने का काम करते हैं। अभिभावक की अपेक्षाओं को स्कूल तक पहुंचाते हैं तथा स्कूल के प्रयासों को अभिभावक तक पहुंचा जा रहा है। विगत 10 वर्षों में राजस्थान में जो बदलाव आए हैं वह स्कूल लीडरशिप एकेडमी की वजह से ही आए हैं। स्कूल लीडरशिप एकेडमी ने 1 महीने के सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित किया, जिसके आधार पर 2023-24 में 6 डॉक्यूमेंट्री, 2025-26 में चार डॉक्यूमेंट्री संग्रहित की गई। स्कूल में बच्चों पर स्कूल लीडरशिप एकेडमी का सक्रिय प्रभाव पड़ा है। हर स्कूल का हर बच्चा अपने आप में एक लीडर के रूप में उभरा है। राजस्थान सीमेट तीन लर्निंग पर काम कर रहा है, लाइफ स्किल, लर्निंग स्किल, लिटरेसी स्किल। राजस्थान सीमेट द्वारा 2025 में सीमेट की उपलब्धि पर एनुअल रिपोर्ट बनाई। जिसको उन्होंने प्रस्तुत किया। राजस्थान सीमेट के स्ट्रक्चर, मिशन और विजन के बारे में बताया। Contineous professional Development के लिए लीडर और फैकल्टी के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। 150 स्कूल की केस स्टडीज को संग्रहित किया गया। रिसर्च के लिए दो वर्कशॉप की गई थी पहले वर्कशॉप में 6 प्रिंसिपल के साथ की गई। दूसरी कार्यशाला में 20 प्रिंसिपल को 66 स्कूल स्टडी के लिए सौपें गए। NIEPA- NCSL द्वारा टूल उपलब्ध कराए जाएंगे तो रिसर्च कार्य और आगे प्रगति करेगा। राजस्थान SLA द्वारा Communication and Collaboration पर भी टूल तैयार किए गए हैं, जो संस्था प्रधान तक पहुंच जा चुके हैं। "स्कूल एडॉप्शन इनिशिएटिव" के अंतर्गत स्कूल अडॉप्ट किया जा रहे हैं, एजुकेशन रिलेटेड इश्यू यहां पर डिस्कस किए जाते हैं, SLA दो-तीन स्कूलों को अडॉप्ट किया गया है। राजस्थान सीमेट द्वारा Institutional Development Plan (IDP) की प्रशिक्षण बडी संख्या पर कराई गई। SLA ने प्रशिक्षण के



श्री ओम प्रकाश विजय

बाद में फील्ड विजिट कर, उनकी मॉनिटरिंग भी की जाती है। आंध्र प्रदेश देहरादून में राजस्थान सीमेट इंटर स्टेट इंटरेक्शन मैं सहभागिता की है। राजस्थान सीमेट को भी 2023-24 में NIEPA-NCSL द्वारा एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त हुआ है। पीरामल फाउंडेशन के साथ में भी SLA Collaboration करता है और शिक्षा संबंधी कार्यों को मिलकर किया जाता है। जिन स्कूलों में लाइब्रेरी नहीं है वहां पर "चल पुस्तकालय" अभियान चलाया जा रहा है। यह ग्राम पंचायत की मदद से अभियान चलाया जा रहा है। डिजास्टर मैनेजमेंट पर भी कार्य किया गया है। 10 + 2 के नव पदोन्नत हुए 1500 प्रिंसिपल की प्रशिक्षण प्रस्तावित है। प्रशिक्षण के लिए मॉड्यूल डेवलप करने के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। टीम बेस्ड, प्रिंसिपल की पांच दिवसीय प्रशिक्षण का भी प्लान किया गया है। जिसके लिए 3 दिन की वर्कशॉप का आयोजन किया जा चुका है जिसकी थीम है **नेशनल वैल्यू कैरक्टर एंड लीडरशिप** यह प्रशिक्षण प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पर आधारित रहेगी। 3000 टीचर्स के लिए ऑनलाइन कोर्स का आयोजन किया जाएगा। फिजिकल लिटरेसी और FLN पर रिसर्च प्रस्तावित है। राजस्थान सीमेट की जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड में एक्सपोजर विजिट करने का प्लान बनाया गया है। राजस्थान सीमेट द्वारा लाइब्रेरी और सीमेट हॉस्टल के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। डिजास्टर एरिया और ट्राइबल एरिया, CPD के तरीके जो वेबीनार, सेमिनार के रूप में आयोजित किए जाते हैं, के बारे में उन्होंने बताया। शिक्षा में कल्याण एवं सुधार के लिए टीम भावना एवं विश्वास को जरूरी बताया। स्कूलों में गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए स्पेशल टीचर की नियुक्ति के भी प्रावधान बताएं हैं। जिला ब्लाक स्तर के अधिकारी इसका निरीक्षण करते हैं और वह पॉजिटिवली मोटिवेट करें इस पर उन्होंने जोर दिया है। राजस्थान सीमेट सीमित संसाधनों ने प्रभावी प्रबंधन का कार्य कर रहा है, जो की सराहनीय है। उन्होंने नीपा और मध्यप्रदेश एसएलए को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

उत्तरप्रदेश स्कूल लीडरशिप एकेडमी का प्रस्तुतीकरण

3. श्री प्रभात मिश्र, सहायक उप शिक्षा निदेशक, SCERT उत्तरप्रदेश SLA से उपस्थित हुये इन्होंने बताया कि यू.पी. SLA का लोगो कांसेप्चुअल फेस है, जो जल्दी ही फाइनलाइज होने वाला है एवं उन्होंने यू.पी. SLA एवं डाईट की संरचना को विस्तार से वर्णित किया। आईआईएम अहमदाबाद और एससीईआरटी-यूपीएसएलए के सहयोग से, 2025 में आईआईएम अहमदाबाद में डाईट के 80 प्रधानाचार्यों/उप प्रधानाचार्यों/वरिष्ठ व्याख्याताओं/संकाय सदस्यों को "नेतृत्व संस्थागत कार्यक्रम" पर प्रशिक्षित किया गया। SCERT-UPSLA ने नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाओं के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है। जिलों द्वारा प्रस्तुत कुल 222 नवाचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं की जांच के बाद 30 नवाचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं का चयन किया गया। इनका दस्तावेजीकरण किया गया और वीडियो विकसित किये गये। राज्य स्तर पर एससीईआरटी द्वारा नवाचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।



श्री प्रभात मिश्र

उदगम नामक एक संकलन विकसित किया गया है और एक पोर्टल शुरू किया गया है ताकि उन शिक्षकों और व्याख्याताओं को एक विश्वव्यापी मंच प्रदान किया जा सके जो अपने विद्यालय और डाईट स्तर पर नवाचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं का अभ्यास कर रहे हैं।

स्कूल में सहभागिता और नेतृत्व में सुधार के लिए अनुसंधान कार्यों की जानकारी दी-

- राज्य भर में वर्तमान में 208 शोध अध्ययन चल रहे है।
- शिक्षण-अधिगम, शिक्षक विकास, विद्यालय का वातावरण, सामुदायिक सहभागिता और नीति कार्यान्वयन एवं नए हस्तक्षेपों का प्रभाव।
- प्रत्येक डाईट 3 अध्ययन करता है, जिसमें एक परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 की रिपोर्ट भी शामिल है।
- उत्तरप्रदेश में आंकड़ों पर आधारित और साक्ष्य-आधारित शैक्षिक सुधार को बढ़ावा देने का लक्ष्य शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में उत्तरप्रदेश के 70 डाईट ने विविध शैक्षिक विषयों पर शोध किया। इनमें से 18 अध्ययनों को एससीईआरटी द्वारा संकलित और राज्य स्तरीय "शोध संकलन" शोध संगम में प्रकाशित किया गया। इसके अतिरिक्त, पिछले 3 वर्षों (2023-25) में किए गए शोध कार्यों के लिए, शोध सारांश भी उपलब्ध हैं।
- कक्षा 6, 7 और 8 के लिए डिजिटल साक्षरता, कोडिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक पाठ्यक्रम विकसित किया गया है और इसे कक्षा 6,7 और की राज्ये विज्ञान पाठ्यपुस्तकों में शामिल किया गया है। लगभग 300 डाईट व्याख्याताओं को मास्टर प्रशिक्षण के रूप में प्रशिक्षित किया गया और इस प्रमुख कार्यक्रम के तहत उच्च प्राथमिक और मिश्रित विद्यालयों के 45,000 विज्ञान शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है।
- जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) के 156 व्याख्याताओं को शैक्षणिक सत्र 202425 में आइआइआइटी लखनऊ द्वारा डिजिटल साक्षरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कोडिंग का प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अतिरिक्त, वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 में आईआईआईटी, लखनऊ में लगभग 140 डाईट व्याख्याताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- SCERT-UPSLA ने कहानियों के माध्यम से शिक्षण पर आधारित एक पुस्तिका और बच्चों की कहानियों का संग्रह 'गुल्लक' विकसित किया है। इस पुस्तिका में शामिल कहानियाँ न केवल विद्यालयों को आनंदमय बनाकर नामांकन, उपस्थिति और छात्रों के स्कूल में बने रहने की दर में वृद्धि करेंगी, बल्कि निपुण भारत अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी सहायक सिद्ध होंगी।

प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिए संपूर्ण एकीकृत प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित किया गया है। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षा प्राधिकरण (एससीईआरटी) द्वारा विकसित संपूर्ण मॉड्यूल पर आधारित एकीकृत शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम एससीईआरटी स्तर पर मास्टर प्रशिक्षकों के लिए और फिर प्राथमिक शिक्षा प्राधिकरण (डाईट) स्तर पर प्राथमिक शिक्षा शिक्षकों के लिए क्रमबद्ध तरीके से आयोजित

किए जा रहे हैं।इसमें विभिन्न कक्षा विषय और मूल्यांकन, अनुभवात्मक अधिगम, कला और संगीत का एकीकृत शिक्षण, समावेशी शिक्षा, नेतृत्व आदि शामिल हैं। इस मॉड्यूल का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षकों को न्यूनतम समय में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करना है। वर्ष 2024 में, पारंपरिक और नवीन शिक्षण विधियों पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षकों के लिए 'सारथी' नामक एक पुस्तिका विकसित की गई। यह सामग्री पहली बार शिक्षक प्रशिक्षकों के लिए तैयार की गई है।

वर्ष 2024-25 में, उत्तरप्रदेश के एससीईआरटी द्वारा कवच मॉड्यूल विकसित किया गया था, जिसमें सुरक्षा एवं संरक्षा, साइबर सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता और वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव आदि से संबंधित सामग्री शामिल है। उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक और अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु "10 बैगलेस डेज़" (आनंदम) पर आधारित एक पुस्तिका तैयार की गई है।

उत्तर प्रदेश शिक्षा संस्थान (एससीईआरटी) 21वीं सदी के कौशलों पर केंद्रित पाठ्यक्रम के विकास पर जोर देता है। एससीईआरटी द्वारा जीवन कौशल दर्पण नामक जीवन कौशल प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किया गया है। इस मॉड्यूल में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा मान्यता प्राप्त 10 जीवन कौशल शामिल हैं।

शिक्षकों और व्याख्याताओं को नई और नवाचारी विधियों/दृष्टिकोणों और डिजिटल तकनीकों के उपयोग से अवगत कराने के उद्देश्य से आदर्श पाठ योजनाओं की एक पुस्तक भी विकसित की गई है।

एनईपी-2020 में पूर्व-प्राथमिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। प्राथमिक शिक्षा आगामी शिक्षा का आधार है, इसलिए इस पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उपरोक्त संदर्भ में, एससीईआरटी द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं (3) के लिए क्षमता निर्माण पाठ्यक्रम तैयार किया गया है।

शिक्षकों और व्याख्याताओं को नए और नवोन्मेषी तरीकों/दृष्टिकोणों और डिजिटल तकनीकों के उपयोग के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से मॉडल पाठ योजनाओं की एक पुस्तक भी विकसित की गई है।

यूपीएसएलए की परिप्रेक्ष्य योजना (2025-26)

SCERT-UPSLA सतत व्यावसायिक विकास (CPD) के माध्यम से विद्यालय नेतृत्वकर्ताओं को आवश्यक कौशल और रणनीतियों से सशक्त बनाकर शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन लाने पर केंद्रित है। 2025-26 के लिए इसकी परिप्रेक्ष्य योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS) के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में विद्यालय नेतृत्व और समग्र शासन में सुधार करना है।

4. डॉ. चारू स्मिता मलिक ने बताया कि नीपा वर्तमान में अपने कार्यक्रमों को विविधीकृत (डायवर्सिफाई) कर रहा है। इस क्रम में एनसीईआरटी और सीमेट के लिए लीडरशिप डेवलपमेंट पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि वोकेशनल स्किल, मेंटल वेल-बीइंग, पेडागॉजिकल लीडरशिप फॉर ऑल और इनोवेशन पर आधारित रिसोर्स बुक/हैंडबुक विकसित की जा रही है, जो मार्च तक तैयार हो जाएगी। यह हैंडबुक सभी स्कूलों और सभी लीडर्स के लिए उपयोगी होगी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने गुड गवर्नेंस पर आधारित लीडरशिप प्रोग्राम तैयार करने की भी बात कही। लीडरशिप प्रशिक्षण को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए गुड गवर्नेंस से संबंधित अध्ययन सामग्री की आवश्यकता बताई गई, जिसके लिए आने वाले समय में आवश्यक मटेरियल विकसित किया जाएगा। इसमें सभी की सहभागिता की आवश्यकता को भी रेखांकित किया गया। इस के साथ ही पोर्टल को अपडेट करने तथा प्रॉस्पेक्टस प्लान को सबमिट करने की बात भी कही गई।





फीडबैक

श्री मनमोहन विश्वकर्मा हेड मास्टर, शासकीय माध्यमिक शाला, गेहूं खेड़ी, जिला राजगढ़ ने अपने फीडबैक



में बताया कि लीडरशिप का कार्य शिक्षकों, बच्चों और अभिभावकों में विश्वास उत्पन्न करना है| लीडरशिप का मतलब है लीड करना, करके दिखाना और कार्यों का वितरण करना | इन सभी के समाहित होने पर ही लीडरशिप की सार्थकता है और इसी के आधार पर ही **"हर स्कूल कर सकता है और हर बच्चा सीखता है"** जो की नीपा का लक्ष्य है उसे पूरा किया जा सकता है|

श्री संजय निंबोड़कर ,प्राचार्य, पी.एम.श्री स्कूल सूरजकुंड, खंडवा द्वारा मध्यप्रदेश सीमेट और SLA के कार्यों की प्रशंसा की गयी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में स्कूल लीडरशिप पर आधारित कई कार्य हुए हैं| उन्होंने लीडरशिप के कार्य को प्रेजेंट करने के लिए माला के मोती की तरह पिरोने की आवश्यकता को बताया |उन्होंने आईआईएम प्रशिक्षण में शामिल किये गये विषयों की प्रशंसा की, इसमें स्कूल की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए सभी क्षेत्रों को सम्मलित किया गया है।

हरियाणा से श्रीमती सुशीला धनकर वरिष्ठ विशेषज्ञ SCERT ने सभी अतिथि राज्यों के सदस्यों और मध्यप्रदेश लीडरशिप अकेडमी का धन्यवाद दिया, मध्यप्रदेश स्कूल लीडरशिप अकेडमी ने जो स्टैंडर्ड सेट किया है उसकी प्रशंसा की| मध्यप्रदेश के बेस्ट प्रैक्टिसेस से जो सीखने को मिला है, वह अपने राज्यों में बताएंगे तथा विभिन्न राज्यों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है उससे आपसी समझ विकसित हुई। सभी आने वाले समय के प्लानिंग कैसे करें और 2030 तक प्लानिंग के परिपेक्ष में NEP 2020 को ध्यान में रखते हुए लीडरशिप प्लानिंग को करने की बात कही।




फीडबैक देते हुये प्रतिभागी

कार्यशाला के समापन समारोह में श्रीमती मनीषा सैतिया, एपीडी ,समग्र शिक्षा,लोक शिक्षण संचानालय एवं श्री प्रमोद सिंह, संचालक सीमेट उपस्थित हुए।



स्वागत श्रृंखला- ए.पी.डी. श्रीमती मनीषा सैंतिया, श्रीमान पी.के सिंह संचालक सीमेट एवं डॉ. चारू स्मिता मलिक

समापन समारोह में सीमेट के वार्षिक प्रतिवेदन **"प्रगति के सोपान"** का विमोचन श्रीमान पी.के सिंह एवं श्रीमती मनीषा सैंतिया ए.पी.डी. के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती संगीता शर्मा सीमेट फैकेल्टी सदस्य द्वारा **"किताबें बोलती है"** कविता सुनाई गयी।



वार्षिक प्रतिवेदन **"प्रगति के सोपान"** का आवरण पृष्ठ



वार्षिक प्रतिवेदन **"प्रगति के सोपान"** का विमोचन



वार्षिक प्रतिवेदन **"प्रगति के सोपान"** का अवलोकन

इसके उपरांत NIEPA - NCSL के अधिकारी गणों का श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मान किया गया एवं NIEPA - NCSL के अधिकारी गणों, अतिथि राज्यों के अधिकारियों, मध्यप्रदेश कोरग्रुप के सदस्यों तथा सीमेट के सदस्यों को श्रीमती मनीषा सैतिया ए.पीडी. द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गये। अंत में श्री उसमान खान सलाहकार सीमेट, SLA नोडल अधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा NIEPA - NCSL के अधिकारिगण एवं आंगतुक अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस प्रकार क्षेत्रिय समीक्षा एवं योजना कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई।













प्रमाण पत्र वितरण



श्रीमती मनीषा सैंतिया, एडीपी, समग्र शिक्षा, लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रमाण पत्र वितरण



कार्यशाला उपरांत मध्यप्रदेश स्कूल लीडरशिप एकेडमी के सदस्य NIEPA-NCSL के साथ



क्षेत्रीय समीक्षा और योजना कार्यशाला का ग्रुपफोटो ग्राफ